
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार · समाज जागरण · RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्षः 3 अंकः 195 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 29 अप्रैल 2025 http://samajjagran.in पृष्ट - 08 मूल्य 02 रुपया


# अमेरिका से ट्रेड वॉर में और बुरा पिसेगा चीन, जिनपिंग कर रहे पाकिस्तान की चिंता

### अमेरिका और भारत के बीच संभावित ट्रेड एग्रीमेंट से चीन की मुश्किलें बढ़ेंगी. स्कॉट बेसेंट ने कहा कि यह एग्रीमेंट जल्द हो सकता है, जिससे भारत को टैरिफ वॉर से राहत मिलेगी.

पहलगाम जैसे नरसंहार के बावजूद चीन पाकिस्तान को रियायत देने में जुटा हुआ है. लेकिन अब उसके लिए मुश्किलें बढ़ने वाली हैं. अमेरिका से ट्रेड वॉर में वह बुरा पिसने वाला है. क्योंकि जिस वक्त चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग पाकिस्तान की चिंता कर रहे थे, ठीक उसी वक्त भारत ने बड़ा खेल कर दिया. यह चीन के लिए मुसीबतें बढ़ाने वाला है.

दरअसल, अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने सोमवार को ऐलान किया कि कई देशों ने अमेरिकी टैरिफ को टालने के लिए 'बहुत अच्छे' प्रस्ताव दिए हैं, लेकिन सबसे पहले जो एग्रीमेंट होगा, वह संभवतः भारत के साथ होगा. बेसेंट ने CNBC को बताया, 'मेरा अनुमान है कि भारत के साथ हमारा पहला ट्रेड एग्रीमेंट होगा.' बेंसेंट का यह बयान चीन की छाती पर मूंग दरने जैसा है, क्योंकि एक ओर डोनाल्ड ट्रंप चीन पर लगातार हाई टैरिफ लगा रहे हैं, जिससे उसकी इकोनॉमी पर खतरा बढ़ रहा है तो वहीं दूसरी ओर भारत के साथ अमेरिका का रिश्ता नई ऊंचाई पर पहुंच गया है. माना जा रहा है कि अगर यह ट्रेड एग्रीमेंट हो गया तो भारत को टैरिफ वॉर की मुसीबत से मुक्ति मिल जाएगी.



### पहला ट्रेड एग्रीमेंट भारत के साथ

स्कॉट बेसेंट ने कहा, अमेरिका ने जापान के साथ भी बहुत अच्छी बातचीत की है. एशिया के कई अन्य देशों के साथ भी टैरिफ पर चर्चा चल रही है. लेकिन मेरा अनुमान है कि भारत के साथ हमारा पहला ट्रेड एग्रीमेंट होगा. इसलिए इस पर नजर रखें. बेसेंट ने फिर व्हाइट हाउस में कहा, एक ट्रेड एग्रीमेंट होने जा रहा है, हो सकता है कि वह इस हफ्ते या अगले हफ्ते पूरा हो जाए. उन्होंने कहा, उप राष्ट्रपति वेंस पिछले हफ्ते भारत में थे. उन्होंने काफी अच्छी बात की है. कोरिया के साथ भी हमारी अच्छी डील हो रही है और झे लगता है कि हमारे जापानी सहयोगियों के साथ भी बहुत महत्वपूर्ण बातचीत हुई है.

### 'चीन एक दिन खुद आएगा हमारे पास'

बेसेंट ने कहा, चीन ने कुछ अमेरिकी प्रोडक्ट पर टैरिफ कम करने के संकेत दिए हैं, इससे लगता है कि वे अमेरिका के साथ तनाव कम करना चाहते हैं. ऐसा करके उन्होंने अपनी जान बचा ली, क्योंकि हम उन पर और ट्रैरिफ लगाने के बारे में सोच रहे थे. बेसेंट ने फॉक्स न्यूज को बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हर ट्रेड एग्रीमेंट में खुद शामिल हो रहे हैं. जब उनसे पूछा गया कि क्या चीनी राष्ट्रपति को ट्रंप कॉल करेंगे, ताकि इस मुद्दे को सुलझाया जा सके, इस पर बेसेंट ने कहा- हम देखेंगे कि चीन के साथ क्या होता है. मुझे लगता है कि चीन को समझ नहीं आ रहा है. शायद एक दिन वे खुद ही हमें कॉल करेंगे. चीन को तनाव कम करना होगा क्योंकि वे अमेरिका को पांच गुना अधिक प्रोडक्ट बेचते हैं.

## मुझे भारत से- मेरे बच्चों से अलग मत करो... पाकिस्तान से आई महिला कहते-कहते रो पड़ी

सरदा कुकरजा, पाकिस्तानी महिला, 40 साल से भारत में और मैं इसे छोड़कर नहीं जाना चाहती. मेरा पूरा परिवा यहीं भारत



रह रही हैं और भारत सरकार के आदेश से परेशान हैं. उनका कहना है कि वे किसी भी कीमत पर पाकिस्तान नहीं जाना चाहतीं. स्थानीय लोग भी उनके समर्थन में हैं.

### मुझे भारत से अलग मत करो

ये उस महिला के शब्द हैं जो पाकिस्तान की रहने वाली हैं. लेकिन बीते कुछ दिनों से वो भारत में रह रही हैं. पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार ने सभी पाकिस्तानियों को देश छोड़कर निकल जाने को कहा तो ओडिशा के बलांगीर में रह रहीं सरदा कुकरजा की नींदें उड़ गईं. उन्हें समझ नहीं आया कि वे भारत छोड़कर पाकिस्तान कैसे जाएंगी. वह किसी कीमत पर आतंकी मुल्क वापस नहीं जाना चाहतीं.

कहती हैं कि पिछले 40 साल से मैं इसी परिवार के साथ रह रही हूं. मेरे पास पाकिस्तानी पासपोर्ट और भारत का वोटर आईडी कार्ड भी है. मेरा पाकिस्तान के साथ कोई रिश्ता नहीं है. भारत मेरा है में है. रोते हुए सरदा कुकरजा भारत सरकार से गुहार लगाती हैं, प्लीज मुझे अलग मत कीजिए. मेरे परिवार से, इस मुल्क से अलग मत कीजिए.

### पाकिस्तान छोड़कर क्यों आई?

सरदा के पति महेश कुकरजा भी उनके साथ यहीं रहते हैं. उनकी एक बेटी और एक बेटा भी हैं.सरदा कुकरजा ने कहा, मैं भारत में पिछले 40 साल से रह रही हूं. मेरा सब कुछ यहीं है. मेरी शादी यहीं हुई, मेरे बच्चे यहीं हैं. मैं वापस पाकिस्तान नहीं जाना चाहती. भारत ही मेरा घर है. जब उनसे पूछा गया कि पाकिस्तान छोड़कर क्यों आई थीं, तब सरदा ने कहा- कुछ वजह रही होगी. उस वक्त तो हम छोटे थे. परिवार को लोगों ने कुछ सोचा होगा. पूरा परिवार ही चला आया था. सरदा का दर्द अब पूरे इलाके में चर्चा का विषय बन गया है. स्थानीय लोग भी उनके समर्थन में आवाज उठा रहे हैं. वे नहीं चाहते कि सरदा को वापस पाकिस्तान भेज दिया जाए.

## पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का दावा, भारत की ओर से सैन्य घुसपैठ आसन्न है

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने सोमवार को दावा किया कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए



आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से सैन्य घुसपैठ आसन्न है, जिसमें 26 लोग मारे गए थे।

इस्लामाबाद में रॉयटर्स से बात करते हुए आसिफ ने कहा, "हमने अपनी सेना को मजबूत किया है क्योंकि यह ऐसी चीज है जो अब आसन्न है। इसलिए उस स्थिति में, कुछ रणनीतिक निर्णय लेने होंगे, इसलिए वे निर्णय लिए गए हैं।"

## फर्जी एनकाउंटर : दवा व्यवसायी की हत्या के केस में यूपी के आईपीएस समेत सभी पुलिसकर्मी बरी

- 2007 में हुई थी घटना, पिता ने दर्ज कराया था मुकदमा
- हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने की थी जांच

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

बरेली। दवा व्यवसायी मुकुल गुप्ता के फर्जी एनकाउंटर के मामले में दर्ज हत्या और लूट के मुकदमे में सभी छह पुलिसकर्मी साक्ष्य के अभाव में बरी हो गए हैं। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश ने सोमवार को यह फैसला सुनाया। मामले में तत्कालीन अपर पुलिस अधीक्षक (ट्रेनी आईपीएस) जे. रविंद्र गौड़ और दो सिपाहियों के खिलाफ सबूत न मिलने के कारण सीबीआई ने चार्जशीट ही दाखिल नहीं की थी। जे रविंद्र गौड़ वर्तमान में गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर हैं।

आईपीएस अफसर जे रविंदर गौड के साथ फर्जी मुठभेड़ में आरक्षी गौरी शंकर



विश्वकर्मा, जगवीर सिंह, वीरेंद्र शर्मा, उप निरीक्षक विकास सक्सेना, मूला सिंह और देवेंद्र कुमार शर्मा को आरोपी बनाया गया था। विकास सक्सेना वर्तमान में यूपी पुलिस में इंस्पेक्टर हैं।

### 2007 में हुई थी घटना, पिता ने दर्ज कराया था मुकदमा

वादी ब्रजेंद्र कुमार गुप्ता ने फतेहगंज पश्चिमी थाने में बेटे मुकुल गुप्ता की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मुकुल दवा व्यवसायी था और उसके पास अक्सर एक लाख रुपये रहते थे। आरोप था कि बरेली में प्रशिक्षण ले रहे ट्रेनी आईपीएस अधिकारी ने अधिकारियों को खुश करने और बहादुरी का सर्टिफिकेट लेने के लिए एक गिरोह को खत्म करने की योजना बनाई। इस योजना में दारोगा और मुखबिर विक्की शर्मा उर्फ धर्मपाल तथा विक्की के रिश्तेदार पंकज उर्फ करण का साथ लिया गया।

### पिता का आरोपः योजना बनाकर बेटे को मारा गया

वादी के मुताबिक, 30 जून 2007 की सुबह मुकुल पंकज के रिक्शे में सवार होकर निकला था। रास्ते में कोतवाली के दरोगा ने मिलीभगत कर रिक्शा रुकवाया और मुकुल से मोबाइल व एक लाख रुपये लूट लिए। इसके बाद उसे आईपीएस अधिकारी के हवाले कर दिया गया।

पुलिस टीम ने मुकुल को फतेहगंज क्षेत्र के रुकुमपुर-माधवपीड़ रेलवे स्टेशन के पास टाटा सूमो में बैठाकर एके-47 से अंधाधुंध फायरिंग कर उसकी हत्या कर दी। फिर इस हत्या को फर्जी मुठभेड़ बताकर मुकुल पर ही हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर दिया गया।

### हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने की थी जांच

वादी ने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए हाई कोर्ट का रुख किया। कोर्ट के आदेश पर वर्ष 2010 में सीबीआई ने जांच शुरू की और 17 जून 2010 को मामला दर्ज किया। जांच के बाद सीबीआई ने 20 अगस्त 2014 को अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था।

मुकदमे के दौरान आरोपियों में से एक दरोगा और दो आरक्षियों की मृत्यु हो गई थी। बचाव पक्ष के वकील विशाल टहलयानी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य न होने के कारण अदालत ने सभी को बरी कर दिया।

## क्या पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर देश छोड़कर भाग गए?

समाज जागरण

पहलगाम आतंकी हमले के 48 घंटे बाद, अटकलें लगाई जा रही हैं कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर और उनका परिवार देश छोड़कर भाग गया है। ऐसा माना जा रहा है कि सेना प्रमुख मुनीर, डीजी आईएसपीआर लेफ्टिनेंट जनरल असीम मलिक और सीजेसीएससी जनरल साहिर शमशाद मिर्जा पाकिस्तान छोड़कर यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका के न्यूजर्सी चले गए हैं।



ऐसा कहा जा रहा है कि परिवारों ने अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए निजी जेट का इस्तेमाल किया।

## 'सीबीआई, ईडी में व्याप्त भ्रष्टाचार का अनूठा मामला': दिल्ली उच्च न्यायालय ने सीबीआई अधिकारियों को एजेंसी की हिरासत में भेजा

नई दिल्लीः एक असामान्य घटनाक्रम में, दिल्ली उच्च न्यायालय ने भ्रष्टाचार के एक मामले में सीबीआई के तीन अधिकारियों को उनकी अपनी जांच एजेंसी की हिरासत में भेज दिया और कहा कि यह "उस तंत्र की इमारत को हिला देता है" जिसका प्राथमिक कर्तव्य अपराधियों को सजा दिलाना था। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने 25 अप्रैल को एक आदेश में कहा, "यह सीबीआई, ईडी और ऐसे अन्य विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार का अनूठा मामला है, जो हमारी कार्यपालिका और जांच तंत्र की पूरी इमारत को हिला देता है, जिसका प्राथमिक कर्तव्य अपराधों की जांच करना और अपराधियों को सजा दिलाना है।"

शिकायत से पता चलता है कि यह सरकारी अधिकारियों द्वारा भ्रष्टाचार का अकेला मामला नहीं था, बल्कि विभिन्न विभागों के अधिकारियों के बीच एक "बड़ी साजिश" को दशार्ता है, जिन्होंने अनुचित लाभ या प्रभाव डालने और जांच और इन विभागों के कामकाज में हस्तक्षेप करने के लिए रिश्वत ली।

अदालत ने कहा, "इसलिए यह स्पष्ट है कि वर्तमान मामले में, जिसमें बड़ी साजिश का पता लगाना है, कुछ स्थितियों में जांच के प्रारंभिक चरण में हिरासत में लेकर पूछताछ करने से इनकार नहीं किया जा सकता है, ताकि महत्वपूर्ण तथ्यों का पता लगाया जा सके। कथित साजिश की गंभीरता और परिमाण को देखते हुए, तीनों प्रतिवादियों की दो दिन की पुलिस हिरासत/रिमांड सीबीआई को दी जाती है।" यह आदेश सीबीआई की उस याचिका पर आया है, जिसमें एजेंसी को तीन आरोपी अधिकारियों की हिरासत देने से इनकार करने वाले ट्रायल कोर्ट के आदेश के खिलाफ सीबीआई ने याचिका दायर की थी।

## सरकार पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र को बंद करने के लिए एयरलाइनों से बातचीत कर रही है: विमानन मंत्री

समाज जागरण

नई दिल्लीः विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान द्वारा भारतीय एयरलाइनों को अपने हवाई क्षेत्र का उपयोग करने से रोकने के हालिया कदम के जवाब में सरकार ने इसके प्रभाव को समझने और समाधान खोजने के लिए भारतीय एयरलाइनों से बातचीत शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को व्यावसायिक चिंताओं से ऊपर रखते हुए चर्चा की जा रही है। 21 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में



आतंकवादी हमले के जवाब में भारत द्वारा राजनयिक संबंधों को कम करने के बाद पाकिस्तान ने गुरुवार को भारतीय एयरलाइनों और भारतीय पंजीकृत विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया। पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र के बंद होने का मतलब है अंतरराष्ट्रीय यात्रा में व्यवधान, जिससे उत्तरी भारत से यूरोप, कनाडा और अमेरिका जाने वाली सभी उड़ानों के उड़ान समय में कम से कम 90 मिनट की वृद्धि होगी। यह पूछे जाने पर कि क्या सरकार एयरलाइनों के लिए वैकल्पिक मार्ग बनाने पर विचार कर रही है, जो न केवल मूल उड़ान समय को बनाए रखने में मदद करेगा बल्कि हवाई किराए को बनाए रखने में भी मदद करेगा, नायडू ने कहा, "तकनीकी रूप से कहें तो (वैकल्पिक मार्ग) है, वे उत्तर की ओर जा सकते हैं और एक मार्ग ले सकते हैं, जो आमतौर पर पूर्वी दिशा, विशेष रूप से चीन और सभी यूरोप और अमेरिका जाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन वहां चुनौती यह है कि यह एक उच्च ऊंचाई वाला मार्ग है, आपको हिमालय से होकर जाना होगा और फिर उस क्षेत्र में प्रवेश करना होगा। इसलिए फिर से, विमान, पायलट और चालक दल की तकनीकी क्षमता तस्वीर में आती है।"

## एक तो महंगाई ऊपर से ऊपर से बेरोजगारी

### पथ विक्रेताओं ने लगाया गाजियाबाद नगर निगम कोर्ट आदेश नही मानने का आरोप।

( गाजियाबाद) थाना इन्दिरा पुरम के स्वर्ण जयंती पार्क के पास 15 वर्षों से फुटपाथ पर रेडी ठेला खोमचे लगाकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे पथ विक्रेताओं ने नगर निगम गाजियाबाद द्वारा अतिक्रमण की किए जाने की वजह से सैकड़ो विक्रेता परेशान,

पथ विक्रेताओं का बड़ा आरोप पीड़ित पथ विक्रेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री की स्वर्ण निधि योजना के द्वारा हम पथरी विक्रेताओं ने लोन भी ले रखा है अगर हमारे रोजगार को उजाड़ दिया जाएगा या लगाने नहीं दिया जाएगा तो किस प्रकार से हम स्वर्ण निधि योजना के तहत ली गई लोन को कैसे भर पाएंगे ! गाजियाबाद नगर निगम द्वारा पूर्व वर्षों में हम पथ विक्रेताओं के लिए पथ विक्रेता प्रमाण पत्र भी दिया गया,

लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गरीब पथ विक्रेताओं को आश्वासन गया था कि जब तक शासन प्रशासन किसी भी फुटपाथ विक्रेता को सही जगह स्थापित नहीं करता तब तक उसे रोजगार करने दिया जाए, विक्रेताओं ने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कोई भी योजना या शासन को दिया गया आदेश धरातल पर नहीं उतर पाता है अधिकारी भी प्रदेश सरकार के आदेशों का उल्लंघन करने से बाज नहीं आते पथ विक्रेताओं ने कहा कि हमें नगर निगम द्वारा बेवजह परेशान किए जाने पर हाई कोर्ट में रिट डाली थी जिसके बाद हाई कोर्ट द्वारा नगर निगम गाजियाबाद के उच्च अधिकारियों को भी हाईकोर्ट द्वारा नोटिस दिया गया लेकिन फिर भाई फिर भी मनमानी करने से बाज नहीं आ रहे नगर निगम गाजियाबाद के अधिकारी, पथ विक्रेताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारी कहते हैं कि हमारे लिए हाई कोर्ट का कोई भी आदेश या नोटिस मायने नहीं रखता है पीड़ित पथ विक्रेताओं ने सरकार से अनुरोध करते हुए कहा है कि हमें जब तक स्थापित नहीं किया जाए तब तक हमारे लिए रोजगार करने दिया जाए एक तरफ रोजगार नहीं चल रहा दूसरी तरफ बच्चों की पढ़ाई लिखाई वह महंगाई की मार को झेलना पड़ रहा है हम इतने दूर-दराज से बेरोजगार होने की वजह से रोजगार करने के लिए जिद्दों जिहाद संघर्ष करके अपने परिवार का पालन पोषण जैसे तैसे कर पाते हैं लेकिन कुछ कथित छुटवैया भाजपा नेता अपने निजी लाभ के चलते गाजियाबाद नगर निगम में अतिक्रमण की झूठी शिकायत करके गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारियों द्वारा हटवाना चाहते हैं एक तरफ प्रदेश में रोजगार नहीं दूसरी तरफ जैसे तैसे रोजगार करके अपने परिवार का पालन पोषण करना चाहते हैं वह भी हमें नहीं करने दे रहे है नगर निगम के अधिकारी ! पीड़ित पथ विक्रेताओं ने नगर निगम गाजियाबाद से अपील करते हुए कहा कि अगर हमें बिना स्थापित किए बगैर गलत तरीके से हमारे रोजगार को नष्ट किया जाएगा तो हम अगले सप्ताह में लखनऊ कूच करेंगे

# हमारी नफरतों की कोई हद नहीं

हमारी नफरत की कोई हद नहीं है. इस समय सत्ता प्रतिष्ठान पर जिस तरह अल्पसंख्यको के प्रति नफरत भरी है उसका असर अब हमारी पाठ्य पुस्तको पर भी दिखाई देने लगा है.खबर हैकि दिल्ली की एनसीईआरटी की नई पाठ्यपुस्तकों में कक्षा 7 की किताबों से मुगल और दिल्ली सल्तनत के चैप्टर्स हटा दिए गए हैं.

सत्ताप्रतिष्ठान और उसे संचालत दल और संगठन भारत की धरती से अल्पसंख्यकों को खदेडने का ख्वाब देख रहा है. सबसे पहले औरंगजेब पर जोर आजमाइश की. औरंगजेब की कब्र खोदकर उसकी मिट्टी समंदर में डालने का प्लान बनाया पर नाकाम रहे.

खीजकर अब पाठ्यपुस्तको को निशाना बनाया.इन बदलावों के तहत नए अध्यायों में भारतीय राजवंश, 'पवित्र भूगोल', महाकुंभ और सरकारी योजनाओं पर जोर दिया गया है. ये कदम राष्ट्रीय शिक्षा नीति और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचे 2023 के अनुरूप हैं जो भारतीय परंपराओं, दर्शन, एजुकेशन सिस्टम और स्थानीय संदर्भ पर जोर देते हैं.

एनसीईआरटी के अधिकारियों के मुताबिक, ये पाठ्यपुस्तक का पहला हिस्सा है और दूसरा हिस्सा आने वाले महीनों में जारी किया जाएगा. हालांकि, उन्होंने यह पुष्टि नहीं की कि पहले हटाए गए हिस्से वापस जोड़े जाएंगे या नहीं. पाठ्यक्रमों से ये खिलवाड नयी नहीं है. कांग्रेस केराज मे मप्र की



किताबों से अंग्रेजों के मित्र सिंधिया ने छोडी रजधानी थी को हटाया गया था. लेकिन इतिहास इतनी आसानी से नहीं बदलता. इतिहास किताबों के अलावा किंवदंतियों, जनश्रुतियों मे भी जिंदा रहता है. इसे कैसे हटाया जा सकता है.

पिछले दिनों पहलगाम में हुए नृशंस हत्याकांड के बाद विधर्मियो के खिलाफ माहौल बनाने की भी कोशिश की गई लेकिन देश की समझदार जनता ने इसे नाकाम कर दिया. घाटी में आतंकियों के घरों को जमीदोज कर केंद्र सरकार ने ये दिखाने की कोशिश की कि सरकार हाथ पर हाथ रखकर नहीं बैठी है. सरकार को हाथ पर हाथ रखकर बैठना भी नहीं चाहिए. देश की संप्रभुता को चुनौती देने वाले हर तत्व को कुचला जाना चाहिए, लेकिन ये तभी मुमकिन है जब सरकार अपने कार्य व्यवहार से ये प्रमाणित भी करे.

पहलगाम हत्याकांड के बाद अपनी विदेश यात्रा रद्द कर स्वदेश लौटने वाले प्रधानमंत्री यदि घटनास्थल पर जाने के बजाय किसी चुनावी आमसभा में नजर आएं तो आप सरकार के बारे में समझ सकते है.

एनसीईआरटी की किताब में मुगलों को हटाने या महाकुम्भ जोडने से कुछ भी हासिल नहीं होगा.सरकार किताबों से मुगलों को हटा सकती है लेकिन ताज महल का क्या करेगी? वहां तो हर देशी, विदेशी जाता है. लालकिले को हटाए बिना मुगल बार बार याद आते रहेंगे

आपको याद होगा कि सरकार की नयी शिक्षानीति से मुगलों को विस्थापित कर उसका संघीकरण करने का काम पहले ही किया जा चुका है..

**@राकेश अचल**

# नाजुक से एहसास है मेरे।

नाजुक से एहसास है मेरे,
ऐसे कुछ पल खास है मेरे'

नजरों की खुशबू नम एहसास,
जैसे तू कहीं आसपास हैं मेरे।

पुरनम सांसें जब आई मुझ तक,
ओंठों की नमी लाई है पास मेरे।

जान कर भी जान न पाया तुझको,
मेरी अपनी खामोशी आई है रास मेरे।

जुल्फों में छुपकर सूरज शर्मा गया,
तेरी आंखों के जुगनू हैं खास मेरे।

जमाने की बेरुखी ने रुलाया मुझे,
इसे झुठलाने वो आया है पास मेरे।

# *मुझसे अब कविता नहीं होती*

रो-रोकर मेरी कलम मुझसे
कहती
मुझसे अब कविता नहीं
होती*
कैसे लिखूं...?
उस विधवा के श्रृंगार को
हाथों की मेहंदी की पुकार
को
टूटी हुई चूड़ियों की
खनकार को
खामोश हो गई पायल की
झंकार को
चंद रातों में उसके दिए
हुए प्यार को
बसने से पहले उजड़ गए
घर संसार को
मिलन के संजोए हसीन
सपने हुए तार- तार को
चांद के उगते ही छाए
अंधकार को
रो-रोकर मेरी कलम मुझसे
कहती
मुझसे अब कविता नहीं
होती*

कैसे लिखूं...?
पिता के कंधों पर बेटे की
अर्थी के भार को
अस्थि प्रवाह करते पिता
के हृदय की चित्कार को
अग्नि देती बहन के
आंसुओं की धार को
बहन की राखी के
अंतहीन इंतजार को
शहनाई के बजते ही
श्मशान सा सन्नाटे छाए
घर द्वार को
रो रोकर मेरी कलम मुझसे
कहती
मुझे अब कविता नहीं
होती*

कैसे लिखूं..?
मानवता को शर्मसार करते
नरसंहार को
कश्मीर घाटी में निदोर्षों पर
होते अत्याचार को
पहलगाम की धरती पर
बहती खून की धार को
कैसे लिखूं... कैसे
लिखूं..?
रोकर मेरी कलम मुझसे
कहती
मुझसे अब कविता नहीं
होती*



डॉ.गीतांजलि नीरज
अरोड़ा "गीत"

# आतंकवादियों को जड़ से नेस्त नाबूद करना ही एकमात्र विकल्प। आतंकी पनाहगारों को कड़ी सजा दी जाय।



संजीव ठाकुर

आज जब पहलगाम में आतंकवादियों ने और उनके आकाओं ने मिलकर भारतीय नागरिकों का एवं भारत सरकार का मनोबल एवं संयम तोड़ने की कोशिश की है एवं 27 निर्दोष भारतीय पर्यटकों की निर्मम हत्या कर भारत की आर्थिक रेखा और जम्मू कश्मीर के निवासियों की रोजी-रोटी छीनने का बड़ा ही घृणित कृत्य किया है। बदला निश्चित तौर पर लिया जाना चाहिए और और ऐसा बदला लिया जाना चाहिए कि आने वाली सात पुस्तें भी आतंकवाद की तरफ ना मुड़ के देख सकें। ऐसे में स्वाभाविक है कि देश के हर नागरिक के खून में उबाल आकर बदला लेने की इच्छा बलवती हो जाती है एवं देश का शीर्ष नेतृत्व भी आक्रोश में आकर बड़ा निर्णय लेकर आतंकवादियों के ठिकानों और उनके नेपथ्य में सहयोगियों को सबक सिखाने की सोचन रही हैं। ऐसी ही विषम परिस्थितियों में हमें अपने आप पर नियंत्रण रखना होता है एवं दिमाग को एकदम शांत रख बड़े निर्णय लेने की आवश्यकता है। भारत सरकार को बड़े ही ठंडे दिमाग से पड़ोसी राष्ट्र पाकिस्तान से इस बार आर-पार की लड़ाई के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण नीति बनानी होगी और उसको समूल नष्ट कर आतंकवाद का स्थाई निराकरण किया जाना चाहिए तब ही जाकर भारत अपने नागरिकों की हत्या का बदला पूरा कर सकता है। हम सबको जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति और सफलता के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म की प्रधानता रखकर संयम तथा मनोबल भी रखना होगा तब सोची गई सफलता हमारे सामने होगी' कठिन तथा विषम परिस्थितियों में हमें अपने मनोबल को सदैव विनम्रता,संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए।अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे ' निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती है'

जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैं' संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं इनसे जूझ कर जो देश आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी देश होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है।

समाज को कभी भी किसी भी परिस्थिति में हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए। हर समाज को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है। सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है। मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा करता है। जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ ना हो तो वह निश्चिंत होकर साहस, क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है की पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, शिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के। मनुष्य का मनोबल एवं दृढ़ प्रतिज्ञा ही मनुष्य को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते रहते हैं। मनुष्य के जीवन का एक तथ्य और भी अत्यंत महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोच, जो उसे हमेशा आगे बढ़ने की ओर उत्साहित करती रहती है। सकारात्मक सोच एवं किसी भी परिस्थिति को अपने नियंत्रण में लाने की सुनियोजित योजना मनुष्य में आशाओं को भर देती है एवं परिस्थितियों को चुनौती देने की क्षमता का विकास करती है। यह मनुष्य ही है जो हर परिस्थिति में साहस और मनोबल के दम पर उससे विजय प्राप्त करता है। मनुष्य के जीवन और पशु के जीवन में यही फर्क है कि मनुष्य के पास सोचने के लिए मस्तिष्क होता है और वह उसके सकारात्मक उपयोग के साथ आगे बढ़ने की क्षमता रखता है। मनुष्य मुस्कुराता, हंसता और खिलखिलाता है। जबकि पशु में मुस्कुराने हंसने की क्षमता नहीं होती, और यही कारण है कि मनुष्य ने विषम परिस्थितियों पर सदैव विजय प्राप्त करने का प्रयास किया है, वह काफी हद तक सफलता पाने में सफल भी हुआ है। मनुष्य यदि परिस्थितियों में अन्य प्रतियोगिताओं में, खेल में, या युद्ध में पराजित होकर भी प्रेरणा लेकर पुनः साहस के साथ पुनःतैयार होता है तो वह आने वाले समय में सफलता का सही हकदार भी होता है, क्योंकि उसने पूरी क्षमता, साहस ,मनोबल के साथ पराजय को स्वीकार कर के उससे कुछ सीखने का प्रयास किया है। अपनी कमियों को दूर करने की हर संभव कोशिश भी की है इस तरह वह अगली परीक्षा में जरूर सफल होता है और यही मानव जीवन का सफल अध्याय भी होता है। कुल मिलाकर परिस्थितियां तथा घटनाएं ,दुर्घटनाएं मनुष्य को परिस्थितियों के सामने पराजित करने, झुकाने की कोशिश करती हैं किंतु मानव अपने शारीरिक, मानसिक, नैतिक, चारित्रिक एवं मानसिक आत्मबल से उसे सफलता में बदल देता है। अनवरत प्रयासरत व्यक्ति अपने साहस परिश्रम से हर चुनौतियों का सामना कर परिस्थितियों में विजय प्राप्त कर अपने जीवन को सफलता के शिखर पर पहुंचाता है। जीवन में कठिन परिस्थितियों से जूझ कर जो मानव सदैव सफल होता है वह पूरे समुदाय और समाज के लिए एक प्रेरणादाई व्यक्तित्व बन कर पूरे समाज एवं देश को मार्गदर्शन भी प्रदान करता है।

इसीलिए मनुष्य को किन्हीं भी परिस्थितियों में, खासकर विषम परिस्थितियों में अपने मनोबल और साहस को त्यागना नहीं चाहिए। उच्च मनोबल और साहस की ऊर्जा ही मनुष्य को नई दिशा, नए प्रकाश पुंज की ओर अग्रसर करती और लक्ष्य में सफलता दिलाती है।

**जय हिन्द,जय भारत, भारत माता की जय।**

# टैरिफ के झटके से कैसे उबरे भारत

इस प्रश्न का उत्तर जानने के लिए शुल्कों के चक्रीय और रणनीतिक दोनों असर समझने होंगे। बता रही हैं

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अपने नए पूवार्नुमान में साफ कहा है कि वैश्विक वृद्धि में गिरावट आ सकती है। शुल्कों के कारण अमेरिका में अपस्फीति की स्थिति बन सकती है और बाकी दुनिया को मांग में कमी का झटका लग सकता है। भारत के लिए इसका क्या मतलब है और हमें इसके लिए तैयार कैसे होना चाहिए? इसका जवाब जानने के लिए देखना होगा कि इसका चक्रीय प्रभाव क्या होगा और रणनीतिक असर क्या होगा।

चक्रीय असर भांपें तो वृद्धि के लिए यह अभी तो नकारात्मक ही है। अमेरिका को भारत से सीधे होने वाला निर्यात और अन्य देशों के निर्यात में भारतीय मूल्यवर्द्धन को मिलाएं तो यह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का करीब 2 फीसदी बैठता है। क्षेत्रवार शुल्क और जवाबी शुल्क से वृद्धि पर 0.2 से 0.3 फीसदी का सीधा असर होगा। अलग-अलग निर्यात उत्पादों पर अलग-अलग असर होगा, जो इस बात पर निर्भर करेगा कि कीमत कितनी कम की जा सकती है और कैसे विकल्प उपलब्ध हैं। उदाहरण के लिए रत्न-आभूषण निर्यात पर जोखिम है क्योंकि ये जरूरी उत्पाद नहीं हैं। लेकिन वाहनों पर लगने वाले शुल्क का बोझ निर्यातक, अमेरिकी कंपनियां और उपभोक्ता मिलकर उठा सकते हैं।

कुछ असर परोक्ष भी होंगे। अनिश्चितता और कमजोर वैश्विक मांग से निजी निवेश अटकेगा। गैर जरूरी खर्च घटने से सूचना प्रौद्योगिकी सेवा निर्यात पर भी असर होगा। घटते आत्मविश्वास, वित्तीय तंगी और रोजगार तथा आय में सुस्त वृद्धि का असर भी मांग पर पड़ेगा।

कुछ सकारात्मक बातें भी हैं। निकट भविष्य में इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में कारोबार आएगा। जिंस के भाव घटने से कच्चे माल की लागत कम होगी और कारोबारी शर्तें बेहतर होंगी।



सामान्य से बेहतर मॉनसून और कम महंगाई ग्रामीण खपत के लिए अच्छी रहेगी। लेकिन सभी बातों पर विचार करें तो नकारात्मक पहलू ही हावी हैं। हालांकि सभी को 2025-26 में जीडीपी 6.2 से 6.5 फीसदी बढ़ने की उम्मीद है मगर हमारे हिसाब से यह बहुत आशावादी अनुमान है और वृद्धि दर 5.8 फीसदी ही रहेगी।

महंगाई चिंता का विषय नहीं है। सब्जियों की कीमतें मौसम के हिसाब से घटती-बढ़ती रहती हैं मगर खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट सभी के दाम घटने के कारण है। बेहतर कृषि उत्पादन और सामान्य से बेहतर मॉनसून की संभावनाएं सकारात्मक हैं। कच्चा तेल सस्ता होने से ढुलाई का खर्च कम होगा, जिसका असर भी खाद्य कीमतों पर होगा।

चीन में जरूरत से ज्यादा उत्पादन क्षमता, क्षमता से कम उत्पादन, सस्ता कच्चा माल और वेतन में कम बढ़ोतरी से लगता है कि मुख्य मुद्रास्फीति काबू में रहेगी। हमें उम्मीद है कि समग्र मुद्रास्फीति अगली तीन तिमाहियों में 4 फीसदी से कम रहेगी और इस वित्त वर्ष में औसतन 4 फीसदी रह सकती है।

वृहद तस्वीर अर्थव्यवस्था को सहारा देने के उपायों की जरूरत बताती है। क्षमता से कम उत्पादन, कम मुद्रास्फीति और ऊंची वास्तविक दरों के कारण मौद्रिक नीति ही सबसे पहले हमारी हिफाजत करेगी। बाहरी क्षेत्र पर नजर रखनी चाहिए मगर यह हमारे लिए बाधा शायद ही बनेगा। निर्यात में कमजोरी और विदेश से धन प्रेषण में कमी की भरपाई सस्ते कच्चे तेल के कारण आयात पर कम खर्च से हो सकती है। विदेश से पूंजी की आवक कम-ज्यादा हो सकती है मगर अमेरिकी डॉलर खुद कमजोर हो रहा है क्योंकि इसकी कीमत जरूरत से ज्यादा है और अमेरिका का रुतबा भी घट रहा है।

ऐसे में भारतीय रिजर्व बैंक के पास फेडरल रिजर्व से अलग कदम उठाने का मौका है। हमारा अनुमान है कि देश की नॉमिनल तटस्थ दर करीब 5.5 फीसदी रहेगी। किंतु क्षमता से कम उत्पादन और मुद्रास्फीति का लक्ष्य देखते हुए नीतिगत दरों में बदलाव किया जा सकता है। अभी 100 आधार अंक तक और कटौती की गुंजाइश है, जिसके बाद रीपो दर 5 फीसदी रह सकती है।

अन्य तरीके भी इस्तेमाल किए जाने चाहिए। खुले बाजार में परिचालन, विदेशी मुद्रा की अदलाबदली तथा रीपो का इस्तेमाल करने पर नकदी का अधिशेष लगातार बना रहेगा, जिससे ब्याज दरें तेजी से घटेंगी। अर्थव्यस्था को संभालने के लिए नरमी दिखाई गई तो बैंक लक्षित क्षेत्रों को अधिक कर्ज दे सकते हैं। पूंजी लगातार आए तो उसका इस्तेमाल बैंकों के विदेशी मुद्रा भंडार के लिए किया जाए।

मौद्रिक नीति में गुंजाइश है मगर राजकोष में नहीं। निर्यातकों को लक्षित समर्थन कुछ समय के लिए बढ़ाया जा सकता है। पिछले वित्त वर्ष में चुनावों के कारण पूंजीगत व्यय अटका था मगर चालू वित्त वर्ष में शुरू से ही सरकारी व्यय को प्राथमिकता दी जाए। रिजर्व बैंक के लाभांश और ईंधन पर उत्पाद शुल्क बढ़ने से खजाने को कुछ सहारा मिल सकता है मगर नॉमिनल जीडीपी वृद्धि घट सकती है और प्रत्यक्ष कर संग्रह तथा विनिवेश सुस्त रह सकता है। अर्थव्यवस्था को सहारा देने के लिए राजकोषीय प्रोत्साहन अंतिम उपाय हो।

चक्रीय प्राथमिकताओं से परे रणनीतिक मुद्दों पर भी विचार करना होगा। ऊंचा शुल्क बता रहा है कि अमेरिका अब चीन से दूरी बनाएगा। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट विभिन्न देशों से गठजोड़ करके चीन को अलग-थलग करने की योजना भी बना रहे हैं। मगर भारत को अपनी योजना बनानी होगी।

अमेरिका हमारा रणनीतिक साझेदार है और अभी हमारा प्राथमिकता द्विपक्षीय व्यापार समझौता है। वार्ता जल्दी शुरू कर भारत दूसरे देशों से आगे निकल गया है। हम औद्योगिक वस्तुओं के लिए दोनों ओर शून्य शुल्क पर बात कर सकता है, अधिक अमेरिकी उत्पाद खरीद सकता है और शुल्क के अलावा बाधाएं कम करने पर भी कम कर सकता है. मगर कृषि में सोच-समझकर खोलना ही ठीक होगा।

अमेरिका के साथ जल्दी समझौते से दो फायदे होंगे। इससे हमारे ऊपर जवाबी शुल्क कम हो सकता है और दूसरे देशों के मुकाबले हम फायदे में रह सकते हैं। भारत को आपूर्ति श्रृंखला में नए बदलाव से भी लाभ हो सकता है।

हमारी नजर में भारत निम्न से मध्यम स्तर के तकनीकी निर्माण में जगह बना सकता है। स्मार्ट फोन में मिली कामयाबी कंप्यूटर, खिलौनों, टेक्सटाइल और फुटवियर में क्यों नहीं दोहराई जा सकती। भारत अपने देसी बाजार से बहुराष्ट्रीय कंपनियों को भी आकर्षित कर सकता है।

भारत को भी चीन जैसी रणनीति की आवश्यकता है। चीन निर्यात और देसी खपत में इस्तेमाल होने वाले मध्यवर्ती सामान के आयात का अहम स्रोत है। इनमें फार्मा, सोलर और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्र शामिल हैं। चीन पर अमेरिकी शुल्क बढ़ने से इन उत्पादों के भारत में पाटने का खतरा भी बढ़ेगा। इसके लिए निगरानी और कड़ा प्रवर्तन चाहिए।

कुल मिलाकर ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में लगे शुल्क झटके ने वृहद तस्वीर बदल दी है। निकट भविष्य में वृद्धि को बड़ा झटका लग सकता है,जिस कारण अर्थव्यवस्था को संभालने के उपाय करने होंगे। मध्यम अवधि में व्यापार का अधिक विभाजन संभव है किंतु भारत अब भी वैश्विक विनिर्माण में बड़ी हिस्सेदारी पा सकता है। बहुत कुछ दांव पर लगा है मगर सही चाल चली तो मध्यम अवधि में भारत की वृद्धि पींगें बढ़ा सकती है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित। संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने दिए सख्त निर्देश

# "नो हेलमेट, नो फ्यूल" अभियान जिले में कड़ाई से होगा लागू

गौतमबुद्धनगर 28 अप्रैल, 2025 : जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़ी कई अहम रणनीतियाँ तय की गईं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा अत्यंत गंभीर विषय है और सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सभी दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट और चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

"नो हेलमेट, नो फ्यूल" अभियान को जिले में सख्ती से लागू करने का निर्णय लिया गया। इसके तहत बिना हेलमेट पहनने वाले दोपहिया चालकों को पेट्रोल पंपों से ईंधन नहीं मिलेगा। साथ ही, बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के किसी भी सरकारी, गैर-सरकारी दफ्तर, विश्वविद्यालय




और अन्य संस्थानों में प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। बैठक में जिलाधिकारी ने ब्लैक स्पॉट कम करने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ ब्लैक स्पॉट स्थलों का संयुक्त निरीक्षण कर तत्काल प्रभावी कदम उठाने को कहा गया। अवैध कटों को भी अविलंब दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।

स्कूल वाहनों की फिटनेस सुनिश्चित करने पर भी विशेष ध्यान दिया गया। डीएम ने कहा कि परिवहन विभाग शिक्षा विभाग के साथ समन्वय कर स्कूल बसों और अन्य विद्यालय वाहनों की फिटनेस तथा चालकों की स्वास्थ्य जांच अनिवार्य रूप से कराएं। बिना फिटनेस के कोई भी स्कूली वाहन सड़क पर नहीं चलना चाहिए।

यातायात नियमों के पालन के लिए गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए। डीएम ने कहा कि ग्राम पंचायत बैठकों, स्वास्थ्य कर्मियों और आशा कार्यकताओं के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक किया जाए। इसके अलावा, सड़क पर घूमते आवारा पशुओं को हटाने और अनधिकृत वाहनों पर रोक लगाने के भी निर्देश दिए गए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मंगलेश दुबे, एसीपी ट्रैफिक शकील अहमद, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी डॉ. उदित नारायण पांडेय, लोक निर्माण विभाग के अभियंता, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बस/ट्रक यूनियन व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण तथा गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# जिम्स ग्रेटर नोएडा में मरीजों को 10 रुपए में मिलेगा भरपेट पौष्टिक भोजन

जिलाधिकारी ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर धन्वन्तरी अन्नपूर्णा केंद्र का किया शुभारंभ

ग्रेटर नोएडा, 28 अप्रैल 2025: राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा में भर्ती मरीजों के तीमारदारों के लिए भोजन की विशेष व्यवस्था शुरू की गई है। आज जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा ने "धन्वन्तरि अन्नपूर्णा केन्द्र" का विधिवत शुभारंभ किया। इस पहल से अब संस्थान में भर्ती मरीजों के साथ आए तीमारदारों को मात्र 10 रुपए में स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध होगा। आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर तीमारदारों को निःशुल्क भोजन भी प्रदान किया जाएगा।

संस्थान के निदेशक ब्रिगेडियर (डॉ.) राकेश गुप्ता ने जानकारी दी कि अब तक मरीजों के लिए तो भोजन व्यवस्था थी, लेकिन तीमारदारों को भोजन के लिए बाहर असुरक्षित भोजन स्थलों पर निर्भर रहना पड़ता था। कई बार इन्हें भूखा भी रहना पड़ता था, जिससे उनकी सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था। इस आवश्यकता को देखते हुए धन्वन्तरि सेवा न्यास द्वारा अन्नपूर्णा केन्द्र की शुरूआत की गई है।



धन्वन्तरि सेवा न्यास प्रदेश में चिकित्सा क्षेत्र में सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है और अब ग्रेटर नोएडा संस्थान में भी अपनी सेवाएं देगा। इस केन्द्र के प्रमुख संचालक प्रणब शर्मा रहेंगे, जो अपनी टीम के साथ प्रतिदिन सुबह 11 बजे से भोजन व्यवस्था संचालित करेंगे।

धन्वन्तरि सेवा न्यास द्वारा प्रदेश के अन्य कई सरकारी अस्पतालों में भी इसी प्रकार के अन्नपूर्णा केन्द्रों का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है, जिससे हजारों तीमारदार लाभान्वित हो रहे हैं।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि, "इस व्यवस्था की लंबे समय से जरूरत थी। अब मरीजों के तीमारदारों को समय पर स्वच्छ एवं सुरक्षित भोजन उपलब्ध होगा, जिससे वे पूरी तन्मयता से अपने मरीजों की देखभाल कर सकेंगे।"

इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान ग्रेटर नोएडा के 06 पैरामेडिकल छात्रों एवं 02 नर्सों को आयोजित कार्यक्रम में टैबलेट-स्मार्टफोन का वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सौरभ श्रीवास्तव, संकायाध्यक्ष प्रशासन डॉ. सौरभ श्रीवास्तव तथा चिकित्सा अधीक्षक डॉ. (कर्नल) ब्रज मोहन सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सौजन्य से

### धर्म गुरुओं ने संभाली बाल विवाह की रोकथाम की कमान-: देवता दीन पान्डेय

जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा और बाल विवाह की रोकथाम के लिए कार्यरत संगठन भारतीय जन कल्याण सेवा संस्थान ने बाल विवाहों की रोकथाम के लिए धर्मगुरुओं के बीच चलाया जागरूकता अभियान जनपद बलरामपुर भारतीय जन कल्याण सेवा संस्थान के निदेशक देवतादीन पाण्डेय ने कहा, धर्म गुरुओं से मिला सहयोग व समर्थन अभिभूत करने वाला, इस अक्षय तृतीया जिले में नहीं होगा एक भी बाल विवाह बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश में नागरिक समाज संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के बलरामपुर में सहयोगी संगठन भारतीय जन कल्याण सेवा संस्थान की ओर से अक्षय तृतीया और शादी-ब्याह के मौसम को देखते हुए बाल विवाहों की रोकथाम के लिए विभिन्न धर्मों के विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहितों के बीच चलाए जा रहे जागरूकता अभियान को व्यापक सफलता मिली है और सभी धर्म गुरुओं ने इसकी सराहना करते हुए समर्थन का हाथ बढ़ाया है। संगठन ने कहा कि यह देखते हुए कि कोई भी बाल विवाह किसी पंडित, मौलवी या पादरी जैसे पुरोहित के बिना संपन्न नहीं हो सकता,

# टीएमयू वोकाबाडिक्ट्स में फैकल्टी ऑफ एजुकेशन का जलवा

**खास बातें:**

**अंग्रेजी शब्दावली में दक्षता एक अनिवार्य कौशल: प्रो. मंजुला**

**शब्द ज्ञान किसी भी भाषा की आत्मा: प्रो. पंकल कुमार सिंह**

**बीएससी-बीएड की वैंगार्डस टीम रही अव्वल**

**वोकाबाडिक्ट्स में मैबेरिक्स की सेकेंड पॉजिशन**

**बीएससी-बीएड की स्ट्राइवर्स थर्ड पॉजिशन पर**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के सेंटर फॉर टीचिंग, लर्निंग एंड डवलपमेंट- सीटीएलडी की



ओर से आयोजित वोकाबाडिक्ट्स 5.0 में फैकल्टी ऑफ एजुकेशन का जलवा रहा। फर्स्ट, सेकेंड और थर्ड पॉजिशन फैकल्टी ऑफ एजुकेशन के छात्रों की झोली में रही। फैकल्टी ऑफ एजुकेशन के बीएससी-बीएड के स्टुडेंट्स-कोनिका, वसुंधरा यादव और नैना पांडेय की टीम वैंगार्डस विजेता रही। फैकल्टी ऑफ एजुकेशन के ही बीएससी-बीएड के स्टुडेंट्स प्रेरणा, सिल्की और ऋतिका चौधरी की टीम मैबेरिक्स दूसरे स्थान, जबकि सिद्धांत, तनय तिवारी और श्रुति जैन की टीम स्ट्राइवर्स तीसरे स्थान पर रही। सभी विजेता टीमों को ट्रॉफी और सर्टिफिकेट ऑफ अचीवमेंट देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने बतौर मुख्य अतिथि, सीटीएलडी के डायरेक्टर प्रो. (डॉ.) पंकज कुमार सिंह आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके ऑडी में वोकाबाडिक्ट्स 5.0 का शुभारम्भ किया। पुरस्कार वितरण समारोह में डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन के प्रिंसिपल डॉ. विनोद जैन की गरिमामयी मौजूदगी रही।

मुख्य अतिथि प्रो. मंजुला जैन ने कहा, आज के प्रतिस्पर्धी और वैश्विक वातावरण में अंग्रेजी शब्दावली में दक्षता एक अनिवार्य कौशल बन चुका है। वोकाबाडिक्ट्स जैसे आयोजनों से छात्रों में न केवल आत्मविश्वास और भाषा पर पकड़ विकसित होती है, बल्कि वे विभिन्न करियर मंचों पर भी सशक्त रूप से प्रस्तुत हो पाते हैं। यह पहल वास्तव में भाषाई उत्कृष्टता की दिशा में एक प्रेरणास्पद प्रयास है। सीटीएलडी डायरेक्टर प्रो. पंकज कुमार सिंह ने बोले, शब्द ज्ञान किसी भी भाषा की आत्मा है। यह प्रतियोगिता न केवल छात्रों की संप्रेषण क्षमता को परिष्कृत करती है, बल्कि उनमें टीम भावना, मंच पर प्रस्तुति और त्वरित निर्णय लेने जैसे कौशलों को भी विकसित करती है। यह क्विज प्रतियोगिता छात्रों की भाषाई दक्षता को विकसित करने और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उन्हें तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

उल्लेखनीय है, प्रतियोगिता में टीएमयू के विभिन्न कॉलेजों की लगभग 232 टीमों ने पंजीकरण कराया, जिनमें 696 छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के स्क्रीनिंग राउंड में ऑब्जेक्टिव टेस्ट के लिए टॉप 47 टीमें चयनित की गईं। क्वार्टर फाइनल के जरिए 12 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचीं। फाइनल राउंड में टॉप 6 टीमों ने के बीच मुकाबला हुआ। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संचालन डॉ. जैस्मिन स्टीफन ने किया। कार्यक्रम में समन्वयक श्री प्रकाश झा और सह-समन्वयक सुश्री अन्वेशा सिसोदिया के संग-संग सीटीएलडी टीम के सभी ट्रेनर्स ने की उल्लेखनीय मौजूदगी रही।

# जनपद में अवैध रूप से संचालित ईट भट्टो के विरुद्ध जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

*खनन, प्रदूषण, फायर एवं पुलिस विभाग की टीम ने विनियामक शुल्क जमा न करने एवं बिना प्रदूषण अनापत्ति पत्र के संचालित होते पाए जाने पर दो ईंट भट्टो को कराया बंद*

गौतम बुद्ध नगर 28 अप्रैल 2025 :डीएम मनीष कुमार वर्मा के निदेशों के क्रम में जनपद में कुछ अवैध ईट भट्ठों के विरुद्ध जिला खनन अधिकारी,



क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, फायर, नायब तहसीलदार सदर एवं संबंधित थाने की पुलिस के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा मेसर्स लक्ष्मी ब्रिक फील्ड ग्राम महमदपुर, मेसर्स जय बाबा मोहन राम ईट उद्योग ग्राम डाकवाला व मेसर्स भानू ईट उद्योग झांझर रोड, अस्मानपुर कोठी ग्रेटर नोएडा में संचालित अवैध ईट भट्ठों का औचक निरीक्षण किया गया।

जिला खनन अधिकारी ने बताया कि उक्त क्षेत्र में निरन्तर ईट भट्ठों के विरूद्व आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर शिकायत प्राप्त हो रही थी, जिसके फलस्वरूप कार्यवाही की गयी है। जहॉ मौके पर दो भट्टें संचालित व एक भट्टा मेसर्स जय बाबा मोहन राम ईट उद्योग ग्राम डाकवाला बन्द पाया गया। मौके पर अगिनशमन दल को बुलवाकर दोनो भटठों की आग बुझाकर संचालन बन्द कराया गया तथा कच्ची ईटों को तोडा गया। ईट भट्ठा स्वमियों द्वारा विनियमन शुल्क जमा नही किया गया था और न ही प्रदूषण विभाग से अनापत्ति प्राप्त की गयी थी। उन्होंने बताया गया कि अवैध भट्ठों के संचालन से न केवल सरकारी राजस्व की हानी होती है अपितु इससे खनन को भी बढ़ावा मिलता है और प्रदूषण भी होता है। जिला खनन अधिकारी ने बताया कि आगे भी जिलाधिकारी के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा औचक रूप से ईंट भट्टो का निरीक्षण किया जाएगा। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

## प्रदेश सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य सेवाओं का मरीजो तक शत प्रतिशत पहुंचाये लाभ

गौतम बुद्ध नगर 28 अप्रैल 2025: जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट के सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने बैठक में स्वास्थ्य विभाग की समस्त योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुये स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ जन सामान्य को समय से उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य कार्यक्रमों से जुड़े हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी सरकारी अस्पतालों में विद्युत एवं फायर सिस्टम का ऑडिट करा लें और यह सुनिश्चित करें कि विद्युत सुरक्षा एवं फायर सुरक्षा के उपकरण चालू रहे। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए अस्पतालों में आने वाले मरीजों के लिए पीने हेतु ठंडा पानी, बैठने की उचित व्यवस्था की जाए। साथ ही मरीजों को जागरूक भी करें कि गर्मी के मौसम में बीमारियों से किस प्रकार बचा जा सकता है।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में संचालित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रात्रि के समय में भी डॉक्टर की ड्यूटी लगाई जाए तथा समय-समय पर औचक




निरीक्षण करते हुए यह भी सुनिश्चित करें कि सभी डॉक्टर अपनी ड्यूटी पर हैं व सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त मात्राओं में दवाओं की उपलब्धता एवं मेडिकल उपकरण उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से प्रत्येक रविवार जो जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले लगाए जाते हैं, उनमें मेडिकल स्टूडेंट का भी सहयोग लिया जाए और यह सुनिश्चित कर लिया जाए की सभी जन आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता एवं मेडिकल उपकरण उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने कहा कि जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में संक्रामण रोगों की जांच एवं आयुष्मान कार्ड बनाने की भी व्यवस्था की जाए।

जिलाधिकारी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित टीकाकरण कार्यक्रम की गहन समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा इसका प्रचार प्रसार सुनिश्चित किया जाए और अधिक से अधिक लोगों को बच्चों के टीकाकरण हेतु प्रेरित करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय स्थापित करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में मेगा कैंप लगाते हुए अधिक से अधिक बच्चों का टीकाकरण किया जाए। जिलाधिकारी ने टीकाकरण से मना करने/प्रतिरोध करने वाले परिवारों के मोबलाइज्ड कर टीकाकरण कराने हेतु स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, पूर्ति विभाग, पंचायत विभाग, लेखपाल, शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि संपूर्ण टीकाकरण शत प्रतिशत कराया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि सरस्वती पब्लिक स्कूल ममूरा नोएडा एवं ज्ञान सागर पब्लिक स्कूल मायचा दादरी द्वारा बच्चों के टीकाकरण हेतु सहयोग नहीं किया जा रहा, जिसके लिए जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि उपरोक्त दोनों स्कूलों को नोटिस जारी किया जाए और यदि उनके द्वारा टीकाकरण में सहयोग नहीं किया जाता तो इनकी मान्यता रद्द की जाये। साथ ही टीकाकरण अभियान में लापरवाही करने वाली आशाओं को भी स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए गए। आयोजित बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुबरा मित्तल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ मंजीत कुमार, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ उबेद, एनयूएच नोडल अधिकारी डॉक्टर संजीव, जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी, जिला यूनानी एवं आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार केम, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार एवं सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे। सौजन्य से सूचना विभाग गौतमबुद्धनगर।

# आओ स्कूल चले अभियान के अंतर्गत अभिभावक-शिक्षक संवाद कार्यक्रम

जनपद श्रावस्ती के ब्लॉक जमुनहा के रामपुर गाँव में बाल रक्षा भारत के माइक्रो प्रोजेक्ट के संयुक्त प्रयास से शिक्षा जागरूकता हेतु अभिवावक शिक्षक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अभिवादन एवं परिचय से हुई, जिसके माध्यम से ड्रीम एक्सीलेटर प्रोग्राम के माइक्रो प्रोजेक्ट के अंतर्गत अभिभावक शिक्षक से संवाद स्थापित किया। बैठक के दौरान बाल रक्षा भारत एवं माइक्रो प्रोजेक्ट के उद्देश्यों का परिचय दिया गया, जिसमें बच्चों के अधिकार, शिक्षा, पोषण और संरक्षण के महत्व को रेखांकित किया गया। प्रधानाचार्य वृजेश कुमार वर्मा द्वारा स्पष्ट किया कि इस संवाद का उद्देश्य अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना और बच्चों को विद्यालय एवं आंगनबाड़ी से नियमित जोड़ने हेतु प्रोत्साहित करना है।

शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए बताया गया कि शिक्षा बच्चों के सर्वांगीण विकास का मूल आधार है। पढ़ाई न केवल ज्ञान अर्जन का साधन है, बल्कि यह आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास और बेहतर भविष्य के द्वार भी खोलती है। आओ स्कूल चले माइक्रो प्रोजेक्ट से रविंद्र कुमार ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय एवं आंगनबाड़ी भेजे और साथ ही साथ ही विद्यालय और आंगनबाड़ी के कार्यों में अंतर को भी सरल भाषा में समझाया गया।

बच्चों की शिक्षा के स्तर पर चर्चा करते हुए, स्कूल के मुख्य अध्यापक बृजेश कुमार वर्मा के द्वारा ने सवाल उठाए कि क्या अभिभावकों ने कभी आंगनबाड़ी या स्कूल स्तर पर अपने बच्चों की प्रगति का आंकलन किया है। साथ ही यह भी जानने का प्रयास किया कि क्या उन्होंने अध्यापक या आंगनबाड़ी कार्यकत्री से बच्चों की पढ़ाई को लेकर संवाद किया है।

गाँव के बच्चों के विद्यालय एवं आंगनबाड़ी में दाखिले की स्थिति की समीक्षा करते हुए शिक्षक ने बताया की इस समय बच्चों का नामांकन हो रहा है, इसलिए सभी अभिभावकगण अपने बच्चों का समय से विद्यालय में नामांकन कराने हेतु प्रेरित किया। बच्चों को स्वच्छता का ध्यान रखते हुए साफ-सुथरे कपड़ों में विद्यालय भेजने पर भी बल दिया गया।

# मां नर्मदा की शुद्धि के लिए श्री शिव समाराधन महायज्ञ 1 मई से अंतरराष्ट्रीय कथा व्यास इंद्रेश उपाध्याय जी करेंगे श्रीमद् भागवत कथा का वाचन

पाटन तहसील के पवईधाम तीर्थ में होगा भव्य और दिव्य आयोजन पवई धाम जबलपुर जिले की पाटन तहसील में उड़ना भेड़ाघाट रोड पर स्थित है यहां पर हनुमान जी का मंदिर मां त्रिपुर सुंदरी मैया का मंदिर एवं भगवान शिव का मंदिर पवई धाम की मणिपर्वत मै गुफा में है , गुफा हजारों वर्षों पुरानी है हनुमान मंदिर, माँ त्रिपुरसुंदरी मैया व भगवान शिव के मंदिर में सभी भक्तों की मनोकामना पूरी होती है यहां पर हर मंगलवार शनिवार को हजारों लोगों का आगमन दर्शन हेतु होता है यहां पिछले 38 वर्षों से शिव शक्ति यज्ञ हो रहा है साथ ही शिवरात्रि के दिन यहां हजारों भक्त शिवजी की बारात लेकर आते हैं साथ ही हनुमान जयंती के दिन यहां पर सुबह से शाम तक भंडारा व शाम को महा आरती का आयोजन साथ ही भंडारे का आयोजन होता है जिसमे हजारो भक्त प्रसाद ग्रहण करते हैं , नवरात्रि में नव




दुर्गा की झांकिया साथ ही लाइव 50/60 रामायण पर आधारित झांकिया रखी जाती है , जिसमे प्रतिदिन हजारो श्रद्धालु आकर दर्शन करते हैं , पवई धाम में मंदिरों का निर्माण स्वर्गीय श्री हरप्रसाद पचौरी (पटेल) जी ने कराया था ,अभी मंदिर की व्यवस्था श्री सर्वेश पचौरी (पटेल), एवं श्री जितेंद्र पचौरी द्वारा की जाती है ।

विश्व स्तर पर बढ़ता प्रदूषण प्राणी मात्र के लिए अतिघातक होता जा रहा है। पर्यावरण की रक्षा के बिना प्राणियों के प्राणों की रक्षा संभव नहीं है। पंच तत्वों पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश से ही शरीर का निर्माण हुआ है। इसलिए इन पंच तत्वों शुद्धि आवश्यक है। यज्ञों के अनुष्ठान से पंच तत्वो की शुद्धि होती है और पर्यावरण प्रदूषण मुक्त होता है। इन्हीं तथ्यों को द्रष्टिगत रखते हुये जबलपुर की पाटन तहसील के प्रसिद्ध तीर्थ पवई धाम में पवई सरकार श्री हनुमान जी की प्रेरणा एवं कृपा से उनके ही सान्निध्य में श्री शिवसमारधन महायज्ञ का अनुष्ठान 1 मई से 7 मई 2025 तक किया जा रहा है। महायज्ञ में वृंदावन से पधारे अंतराष्ट्रीय कथावाचक पूज्य श्री इंद्रेश उपाध्याय जी के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा का पावन रस सुधी श्रोताओ को प्राप्त होगा। प्रतिदिन प्रातः 8 से 11 बजे तक श्री शिव समाराधन महायज्ञ हवन एवं दोपहर 3 से 6 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा होगी। स्वामी महेन्द्रानंद महाराज ने बतायाा कि मां नर्मदा प्रदूषण मुक्ति आंदोलन के चतुर्थ अधिवेशन के संदर्भ में श्री शिव समाराधन महायज्ञ का आयोजनर्ि कया जा रहा है। महायज्ञ का उद्देश्य मां नर्मदा को प्रदूषण से बचाना है। इसके लिए जन जागरण किया जाएगा।

**समितियों का किया गया गठन**

समायोजक स्वामी श्री महेन्द्रानंद जी महाराज ने आयोजन समिति का गठन किया है। इसमें विधायक अजय विश्नोई जी को आयोजन का परमाध्याक्ष, श्री बलराम यादव जी को सम्पूर्ण आयोजन का प्रमुख प्रभारी, श्री हर कृष्ण पचौरी जी को अध्यक्ष, श्री सर्वेश पटेल जी मुख्य यजमान (कथा), श्री श्याममनोहर पचौरी मुख्य यज्ञ यजमान एवं (कोषाध्यक्ष),विदुषी ऋचा गोस्वामी (कार्यवाहक समायोजक), जितेंद्र पचौरी (आयोजक प्रवक्ता), मदन मोहन पचौरी (मंच प्रबंधक) श्री नवनीत माहेश्वरी जी, श्री विष्णुशंकर पटेल जी आशीष शुक्ला यश भारत, श्री रामविनय करसोलिया जी को कार्यवाहक समायोजक, ठाकुर राकेश सिंह जी को स्वागताध्यक्ष, श्री गौरीशंकर तिवारी जी, श्री ब्रजेश बादल जी को कार्यवाहक अध्यक्ष, श्री आनंद मोहन पलहा जी को महामंत्री, श्री मनोज पटेल जी, श्री देवेंद्र सिंह ठाकुर जी, श्री रविमोहन श्रोती जी को मंच प्रबन्धक बनाया गया है एवं बाल युवा प्रकोष्ठ से आमद्य पचौरी विशेष रूप से शामिल है।

# ग्राम पंचायत की बैठक निरन्तर होनी चाहिए एवं महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित किया जाए -: ओंकार नाथ चौधरी

जनपद बलरामपुर के विकास खण्ड - हरैया सतघरवा अन्तर्गत ग्राम पंचायत (भयापुरवा) इमलिया में उत्तर प्रदेश पंचायतीराज अधिनियम पर किये जा रहें शोध कार्य में लोकमत प्राप्त करने हेतु ग्राम पंचायत लोक विमर्श ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान द्वारा (भयापुरवा )इमलिया में आयोजित किया गया। यह शोध कार्य इंडिया पंचायत फाउंडेशन एवं पंच परमेश्वर विद्यापीठ द्वारा किया जा रहा है। विमर्श में सभी प्रतिभागियों ने गहनता से चर्चा कर अपने विचार व्यक्त किए। पंचायत व्यवस्था से सम्बन्धित इस शोध कार्य हेतु उत्तर प्रदेश के अधिनियम के गहन विश्लेषणात्मक अध्ययन के साथ साथ देश के अन्य प्रमुख 9 राज्यों ( बिहार, उत्तराखंड, केरल, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, झारखंड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, तथा जम्मू-कश्मीर) के अधिनियम के प्रावधानों का भी तुलनात्मक अध्ययन किया गया है। शोध कार्य को और अधिक व्यापक तथा प्रमाणिक बनाने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों सामाजिक संगठनों तथा समाज के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ स्थानीय स्तर पर लोक विमर्श का आयोजन किया जा रहा है।

विमर्श में उपस्थित संस्था के प्रवन्धक ओंकार नाथ चौधरी ने बताया कि महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित किया जाए एवं ग्राम



पंचायत की बैठक निरन्तर बैठक होनी चाहिए व सभी सदस्यों को जानकारी दिया जाये इस विमर्श के माध्यम से हमारा उद्देश्य ग्राम पंचायत सदस्यों को ग्राम सभा के सम्मानित नागरिकों को, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना

प्रतिनिधियों को विभिन्न राज्यों में ग्राम पंचायत के कार्य एवं व्यवहार से सम्बन्धित प्रावधानों और नीतिगत सिफारिशों के बारे में जानकारी प्रदान करना एवं ग्राम पंचायत से सम्बन्धित विषयों पर सामूहिक चर्चा के द्वारा लोकमत तैयार करना है।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुड्डू सिंह, संजय सिंह, भगवान वक्स सिंह, मुकेश सिंह, विजय सिंह, कर्ता राम यादव, दयाराम वर्मा, रामनरायण कुलदीप, मालती देवी,सोनू, ग्राम प्रधान लखरी आदि के साथ-साथ 27 लोगों ने प्रतिभाग किया

# ग्राम पंचायतों में मच्छरों की रोकथाम के लिए फोगिंग कार्य ना होने के संबंध में शासन को अवगत कराया गया

**दैनिक जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**



नजीबाबाद....ग्राम पंचायतों में तेजी से फैल रहे मच्छरों की रोकथाम के लिए फोगिंग कार्य ना होने के संबंध में शासन और विभाग के उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है । आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजी एक शिकायत में अवगत कराया है कि नजीबाबाद के ब्लॉक क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में तेजी से फैल रहे मच्छरों की रोकथाम के लिए अभी तक संबंधित विभाग द्वारा फोगिंग कार्य नहीं कराया गया है जिस कारण से डेंगू और मलेरिया की आशंका बनी हुई है इसके अलावा कई गांवों में नालियो की व्यापक रूप से सफाई न होने के कारण गंदा पानी नालियों पर कई-कई दिन तक भरा रहता है। अत ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायतो में तेजी से फैल रहे मच्छरों की रोकथाम के लिए फोगिंग कार्य शुरू कराया जाना जरूरी है आरटीआई कार्यकर्ता ने इस संबंध में जॉच कराकर संबंधित विभाग को दिशा निर्देश जारी करने की मांग की है ताकि ग्रामीण क्षेत्र की जनता को मच्छरों से राहत मिल सके

# नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज मे कुपोषण मुक्त भारत अभियान के तहत एकदिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया

**दैनिक जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**



नजीबाबाद दिनांक 28 4 2025 को नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई के उत्साहित स्वयं सेविकाओं ने नजीबाबाद स्थित प्रेम धाम आश्रम हरिद्वार रोड में कुपोषण मुक्त भारत अभियान के तहत एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया इस शिविर का उद्देश्य स्थानीय समुदाय के बीच कुपोषण के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ आहार प्रथाओं को बढ़ावा देना था और कुपोषित वह विशिष्ट बालक बालिकाओं को पौष्टिक आहार वितरित किए सुबह 9:00 बजे प्रधानाचार्य शबाना परवीन के द्वारा रैली को झंडा दिखाकर कार्यक्रम का प्रारंभ किया ह इस शिविर में बड़ी संख्या में प्रेम धाम आश्रम के सभी छात्र मौजूद रहे तथा जिसमें विकलांग छात्रों ने अपने रंगारंग कार्यक्रम से सभी का मन मोह लिया दूसरी ओर स्वयं सेविकाओं ने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जिसमें उन्होंने अपने माध्यम से पोषण संबंधी जानकारी दी शिविर में उपस्थित अतिथिगण माननीय फादर बिन्नी जी ,फादर शिबू जी ,फादर लिंटो जीमौजूद रहे जिन्होंने शिविर में आए लोगों को पोषण संबंधी जानकारी दी तथा प्रेम धाम आश्रम के अध्यापक नवीन जी, विजय कुमार जी व डॉक्टर थॉमस जी ने अपने विचार रखें राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी गजाला मुमताज ने इस पहल पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा हमारे स्वयंसेविकाओं ने कुपोषण मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अत्यंत समर्पण और उत्साह दिखाया है इस शिविर के माध्यम से हम समुदाय के लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना चाहते हैं और यह बताना चाहते हैं कि उचित पोषण से वह एक स्वस्थ और खुशहाल जीवन जी सकते हैं प्रेम धाम आश्रम के सदस्यों ने इस शिविर के आयोजन के लिए एनएसएस स्वयं सेविकाओं और कॉलेज प्रशासन की सराहना की उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम उनके लिए बहुत उपयोगी है और उन्हें स्वस्थ रहने के लिए सही जानकारी प्राप्त करने में मदद करते हैं यह एक दिवसीय विशेष विशेष राष्ट्रीय सेवा योजना के कुपोषण मुक्त भारत अभियान का एक हिस्सा था जिसका लक्ष्य देश को कुपोषण से मुक्त करना है नजीबुध और गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य शबाना परवीन ने कहा कि हम आगे भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे जिससे कुपोषण को जड़ से खत्म कर सके और कुपोषित मुक्त भारत बना सकें

# साहनपुर चौकी इंचार्ज द्वारा उत्पीड़न को लेकर थाना प्रांगण में पत्रकारो ने धरना दिया

**दैनिक जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**



नजीबाबाद। साहनपुर चौकी इंचार्ज द्वारा पत्रकार को झूठे मुक्दमे में फंसाने व उत्पीड़न को लेकर नगर के पत्रकारो नजीबाबाद थाना प्रांगण में धरना देकर पुलिस अधीक्षक बिजनौर नाम एक ज्ञापन थाना प्रभारी नजीबाबाद को सौंपा। ज्ञापन में पत्रकार संजीव ठाकुर ने पुलिस अधीक्षक बिजनौर को संबोधित करते हुए बताया की दिनांक 27 अप्रैल को प्रार्थी अपने कार्य से थाना न जीबाबाद आया था। ग्राम पुरषोत्तमपुर तहसील नजीबाबाद निवासी है मीडिया कर्मी को ग्राम के कुछ लोग बैठे हुए मिले,उन्होने बताया कि हमारी जमीन के एक मामला है। मैने थाने में मौजूद चौकी प्रभारी साहनपुर संदीप कुमार से जब पूछा तो दरोगा जी ने मुझसे इस मामले में लेनदेन कराने को कहा मना करने पर दरोगा जी भड़क पडे ,और मेरे साथ अभद्रता करने लगे। और कहा कि तू बहुत बड़ा पत्रकार बन रहा है, तुझे मैं जेल भेज कर रहूंगा। चौकी प्रभारी ने अपने उच्चाधिकारियों को भ्रमित कर मेरे खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर दी । जिससे मेरी समाज में छवि धूमिल हुई । नगर के मीडिया कर्मियों ने चौकी इंचार्ज संदीप कुमार को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करने की मांग की।पांच दिन के भीतर यदि कार्यवाही नहीं हुई तो आंदोलन करने को मजबूर होंगे। मीडिया कर्मी मांग करते है। धरने में इरफान अंसारी, नईम सिद्दीकी, अवधेश शर्मा, जितेन्द्र जैन, विकास आर्य, विपिन ठाकुर, कुलदीप राजपूत, कुलदीप मोर, अंकित शर्मा, नवाब अली, नौशाद सैफी, शाहनवाज अहमद, जुनैद अंसारी, खिजर अहमद , हिफ्जुर्रहमान फरीदी , सपना वर्मा, महमूद रजा, मुशर्रफ हुसैन, टी एस मलिक, शाकिर कुरैशी, शहजाद मलिक, इकबाल अहमद, मरगूब हुसैन नासिर, अभिनव अग्रवाल, मयंक कश्यप, राजवीर सिंह, सोनू आदित्य, अनुज कुमार शर्मा, रामेंद्र, रामोद कुमार, मौहम्मद अशरफ, सुनील कुमार, कुलदीप राजपूत, रिहान अंसारी, नरेंद्र कुमार, रामोद कुमार, हाशिम अहमद, शाही अराफात सैफी, अक्की चांद, फैसल, गुलजार कुरैशी, शहजाद नोमानी, राजपाल चौहान, जकी मालिक, सहित काफी संख्या में मीडियाकर्मी शामिल रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

**निजी अस्पतालों से लें संस्थागत प्रसवों का डाटा**

**आई एम खान/ दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**




बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं को सभी को सहजता से उपलब्ध कराने के लिए कहा। उन्होंने नगर निकायों व ग्राम स्तर तक फॉगिंग व एंटी लारवा का छिड़काव प्रभावी ढंग से कराने के लिए कहा। उन्होंने नियमित टीकाकरण के लिए सभी ब्लॉक को 07 मई तक माइक्रोप्लान अपडेटेड नंबर के साथ देने व प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्यनरत छात्राओं के लिए महिला शौचालय क्रियाशील करने को भी कहा। कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आहूत बैठक में जिलाधिकारी अवनीश राय ने कहा कि टीकाकरण से कोई भी बच्चा नहीं छूटना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (वीएचएनडी) पर कोई भी बच्चा वजन होने से न छूटे। सभी जगह वजन मशीन उपलब्ध हो। सभी कुपोषित व अति कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन ठीक प्रकार से हो ताकि उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्र में उपचार उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि खराब प्रगति पर सभी अधिकारी रीजन एनालिसिस करें तथा लक्ष्यों की प्राप्ति में कम प्रगति पर गैप एनालिसिस करें। उनके संज्ञान में आया कि जनपद के अम्बियापुर, आसफपुर, कादरचौक, सालारपुर व उसावां सहित 05 आकांक्षात्मक ब्लॉकों में लगभग 20 प्रतिशत होम डिलीवरी हो रही है। उन्होंने कहा कि सभी प्राइवेट अस्पतालों में कराए जा रही डिलीवरी की संख्या ली जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रामेश्वर मिश्रा ने बताया कि नियमित टीकाकरण में जनपद की उपलब्धि 86.8 प्रतिशत है, यह मण्डल में प्रथम है। राज्य का औसत 83.5 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि 70 वर्ष से ऊपर के आयु वर्ग के 11784 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में 5 नए 06 बेड के वार्ड बनाए गए हैं और उनको हैंडओवर भी कर दिया गया है। इस अवसर पर ई-कवच, ई-रुपी वाउचर, टीकाकरण, वीएचएनडी सेशन, आकांक्षात्मक ब्लॉकों में कराए जाने वाले कार्य पर एक-एक का चर्चा की गई व आवश्यक सम्बंधित को दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, नगर मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार पाल, सीएमएस पुरुष व महिला चिकित्सालय, एसीएमओ, डिप्टी सीएमओ, यूनिसेफ व विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधि, एमओआईसी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 10 मई को होगा

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बदायूँ। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिव कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ, मनोज कुमार -तृतीय की अध्यक्षता में 10 मई को समय पूर्वान्ह 10:00 बजे से जनपद न्यायालय परिसर बदायूं में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। उन्होंन बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में आकर लाभ पक्षों के मध्य आपसी सुलह समझौते के आधार पर विवाद का निस्तारण, पक्षकार व्यक्तिगत स्तर पर स्वयं पहल कर सकता है, लोक अदालत में निस्तारण हेतु किसी भी प्रकार का शुल्क देय नहीं है, सिविल प्रकृति के लंबित मामलों के लोक अदालत में आपसी सुलह के आधार पर निस्तारित वाद पर न्याय शुल्क की वापसी की व्यवस्था, लोक अदालत में निर्णय के विरूद्व कोई अपील नहीं, कानूनी जटिलताओं से परे लोक अदालत की प्रक्रिया सहज एवं सुलभ और आपसी समझौते पर आधारित होती है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सिविल प्रकृति के वाद, अपराधिक शमनीय वाद, राजस्व वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखत अधिनियम, बैंक वसूली वादों, मोटर दुघर्टना प्रतिकर याचिकाऐं, पारिवारिक वादों, श्रम वादों, भूमि अधिग्रहण वादों, विद्युत, जल-कर एवं दूरसंचार बिल के विवाद, एनआईएक्ट, विधवा पेंशन योजना, विकलांग पेंशन योजना आदि सहित ऐसे विवाद जो अभी तक न्यायालय के समक्ष नहीं आये हैं, उन्हें भी वाद पूर्व सुनवाई (प्री-लिटीगेशन) स्तर पर निस्तारित कराया जा सकता है। उन्होंने जनपद के सभी जनसामान्य एवं वादकारीगण से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में राष्ट्रीय लोक अदालत में समय से उपस्थित होकर अपने-अपने वादों/विवादों को निस्तारित करवाकर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

# अधिकारी आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं - राशि कृष्णा

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बिसौली बदायूं। सोमवार को उपजिलाधिकारी राशि कृष्णा ने तहसील स्थित कार्यालय में आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं को अधिकारी जल्द से जल्द प्राथमिकता के आधार पर निपटाए। ग्राम सिसईया निवासी सुनीता शर्मा, अभिषेक एवं कमलेश आदि का आरोप है कि हल्का लेखपाल ने गलत पैमाइश कर उनकी मक्का की खड़ी फसल को नुकसान पहुंचा कर



घूर डलवा दिए। वही थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव सैंडोला निवासी मुनेंद्र का आरोप है कि सैंडोला एवं गांव मोहकमपुर में पिछले एक माह से जेसीबी वाले रात्रि में अवैध रूप से मिट्टी का खनन कर रहे हैं। जिसकी शिकायत संबंधित अधिकारी एवं थाना फैजगंज बेहटा में करने के बाद भी दबंग जेसीबी मशीनों बालों के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जेसीबी मशीनों वाले धमकी देते हैं। इस दौरान नायब तहसीलदार सृजन यादव उपस्थित रहे।

# आर्य समाज गुधनी में १११ वां वार्षिकोत्सव ५ जून से

**सांस्कृतिक सम्मेलन 5 जून को, आर्य कवि सम्मेलन 8 जून को एवं भंडारा 9 जून को**

**आई एम खान/ दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**



बिसौली बदायूं। आर्य समाज गुधनी की स्थापना का 111 वां वार्षिकोत्सव 5 जून से प्रारंभ होगा। जिसका आर्य समाज के प्रसिद्ध विद्वान आचार्य संजीव रूप के निर्देशन में आर्य संस्कार शाला का संचालन होता है। सोमवार को नगर के ए.आर. फीलिंग सेंटर पर मुलाकात में आचार्य संजीव रूप ने जानकारी देते हुए बताया कि पांच दिवसीय वार्षिकोत्सव के प्रथम दिवस 5 जून गुरुवार को भव्य शोभायात्रा सुबह 9:00 बजे निकाली जाएगी, और रात्रि को 8 बजे से सांस्कृतिक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। वही 6 व 7 जून को यजुर्वेद पारायण यज्ञ प्रातः 8 बजे से व नित्य सत्संग रात्रि 8:00 बजे से होगा। रविवार 8 जून को सुबह 10:00 बजे यज्ञ की पूणार्हुति दी जाएगी और रात्रि 8 बजे से आर्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सोमवार 9 जून को विशाल भंडारे का आयोजन होगा। उन्होंने बताया वार्षिकोत्सव में आर्य समाज के अनुयायियों समेत प्रबुद्ध वर्ग से जुड़े सर्व समाज के लोग भी भाग लेंगे। इस दौरान रविप्रकाश अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, धर्मपाल पाठक आदि उपस्थित रहे।

# आतंकी हमले के विरोध में कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि

**दैनिक समाज जागरण**




चंदौसी। जायंट्स ग्रुप वुमेन शिखर और वुमेन संकल्प ने कैंडल जलाकर दिवंगत पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी। ग्रुप द्वारा पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के विरोध में श्रद्धांजलि शांति कैंडल मार्च का अयोजन किया गया। यह कैंडल मार्च भगत सिंह की मूर्ति से लेकर फुब्बार चौक शांतिपूर्वक निकाला गया जिसके बाद गई एक ज्ञापन भी सौंपा गया जिसमें सरकार से मृतकों के परिवार को न्याय दिलाए जाने की मांग की गई। इस दौरान जायट्स ग्रुप वुमेन शिखर की अध्यक्ष शोभा शर्मा और संकल्प ग्रुप की अध्यक्ष शिवानी शर्मा और ग्रुप सचिव मोना शर्मा, सुमन सैनी, ममता शर्मा, शीनू शर्मा, विमलेश सैनी, नंदिनी अग्रवाल ग्रुप डारेक्टर शिखा शर्मा आदि मौजूद रहीं।

# बाल विवाह के खिलाफ आगे आए धर्मगुरूओं ने की जनता से अपील

**30 अप्रेल को अक्षय तृतीया पर होगा विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन**

**दैनिक समाज जागरण**




संभल। भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने की मुहिम मे धर्मगुरूओं ने भी आगे आकर अपना मे सहयोग प्रदान करते हुए लोगों से बाल विवाह रोकने की अपील की है। इस क्रम मे मदरसे मे प्रेस कान्फ्रेंस का आयोजन करते हुए जागरूक किया गया। जस्ट राईट फॉर चिल्ड्रेन, प्रयत्न संस्थान के अर्न्तगत बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के अभियान के क्रम मे धर्म गुरूओं संग प्रेस वार्ता का आयोजन नगर के मरकजी मदरसा अजमल उलूम मौहल्ला ठेर पर किया गया। जिसमे इलैक्ट्रोनिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकार बन्धुओं को बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के अभियान को लेकर जानकारी देते हुए धर्मगुरूओं ने बताया कि हमे भारतीय संविधान यानी कानून का पालन करना चाहिए और जिस प्रकार बाल विवाह के खिलाफ अभियान चल रहा है तो उसमे हर एक को अपना सहयोग प्रदान करते हुए गैर कानूनी बाल विवाह को रोकना चाहिए। 30 अप्रेल को इस अभियान को व्यापक स्तर पर चलाकर हम सबको जागरूक रहना होगा और बाल विवाह को हर हालत मे रोकना होगा। बाल विवाह करने वाले माता और पिता को इस अपराध से बचने की जरूरत है। इसमे शामिल होने वाले व्यक्तियों को भी चाहिए की वह इस तरह के बाल विवाह कार्यक्रम जो गैर कानूनी है इससे बचें। इस अवसर पर मदरसे के प्रबंधक कारी मौलाना तंजीम अशरफ, मुफ्ती-ए-आजम सिरसी मौलाना आलम रजा खां नूरी, प्रयत्न संस्था के फिल्ड कोआर्डिनेटर फरजन्द अली वारसी, शिराज अहमद चिश्ती आदि मुख्य रूप से उपास्थित रहे।

# निष्पादन अनुदान से ग्राम पंचायत बिनावर में होंगे विकास कार्य, डीएम ने ली बैठक

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में निष्पादन अनुदान के अन्तर्गत चयनित विकास खण्ड सालारपुर की ग्राम पंचायत बिनावर में आवंटित धनराशि तथा निरस्त कार्यो



के सापेक्ष बचत धनराशि से अन्य कार्यो को कराये जाने के सम्बंध में जनपद स्तरीय समिति की बैठक आहूत की गयी। सचिव ग्राम पंचायत बिनावर द्वारा अन्य नये कार्यो का प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी द्वारा नये कराये जाने वाले कार्यो के स्थलीय निरीक्षण कर आख्या प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये गए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी सालारपुर, अवर अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, सहायक विकास अधिकारी (पं०) सालारपुर, सचिव ग्राम पंचायत बिनावर, ग्राम प्रधान आदि मौजूद रहे।

# शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में लाखों रुपए की चोरी करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने धर दबोचा

**अभियुक्त के कब्जे से 11 लाख 50 हजार के आभूषण बरामद करने का दावा**

**दैनिक समाज जागरण**



गाजियाबाद जनपद के थाना शालीमार गार्डन पुलिस ने 24 घंटे बीत जाने से पहले ही राजेंद्र स्थित एक घर से लाखों के आभूषण चोरी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 27-04-2025 को थाना शालीमार गार्डन पर ऋषिकान्त गुप्ता पुत्र राम सहाय गुप्ता निवासी 6/75 सेक्टर 2 राजेंद्र नगर के द्वारा लिखित तहरीर दी गई थी जिसमें अज्ञात चोरों ने मेरे घर में घुसकर गहने व 5 हजार रुपए की नकदी चोरी कर ली तहरीर के आधार पर शालीमार गार्डन पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर अज्ञात चोर को पकड़ने के लिए टीम गठित कर मैन्युअल इनपुट व सी सी टी वी फुटेज और मुखबिर की सूचना पर 27-04-2025 को उक्त घटना में शामिल अभियुक्त सोहिल पुत्र गफ्फार निवासी सीमापुरी दिल्ली को हुंडई कट शालीमार गार्डन से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी शालीमार गार्डन बृजेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी किए हुए पीली धातु का एक टुकड़ा,एक अंगूठी व सफेद धातु की दो जोड़ी पायल, 54 बिछिया बरामद हुई है आभूषणों की अनुमानित कीमत लगभग 11 लाख 50 हजार रुपए बताई गई हैं गिरफ्तारका अभियुक्त पर तीन मुकदमे पहले ही पंजीकृत है फिलहाल पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# भौपुरा में भाकियू अम्बावता के कार्यकताओं ने पहल गांव हमले में शहीद हुए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए निकाला कैडल मार्च

**समाज जागरण**



गाजियाबाद साहिबाबाद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भोपुरा में भारतीय किसान यूनियन अंबावत के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने केंडल मार्च निकाला। और पाकिस्तान के खिलाफ जोरदार नारे बाजी की पाक जनरल आसिम मुनीर और प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ के खिलाफ जमकर नारे बाजी की गई। केंडल मार्च में स्थानीय लोगों ने भारी संख्या में बढ चढ कर भाग लिया।कैडिल मार्च में शामिल लोगों में भारी आक्रोश देखा गया कैंडिल मार्च में शामिल लोगों ने आतंकी और उन्हें पनाह देने वाले दोषी लोगों के साथ पाकिस्तान पर बड़ी कारवाही करने की मांग की।जिससे इस तरह की घटना दोबारा न हो, देश के अंदर बैठे पाकिस्तान प्रेमी लोगों और आतंकवादी स्लीपर सेल को भी देश द्रोही घोषित कर सरेआम फांसी दी जाए। पहल गांव की घटना में देश ने बहुत बडी कीमत चुकाई है अब इनका इलाज बहुत जरूरी है इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता ठाकुर मुकेश सोलंकी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेंद्र नेताजी, प्रदेश महासचिव मनोज यादव, प्रदेश सचिव जितेंद्र कसाना, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र गुर्जर, जिलाध्यक्ष अमित कसाना,जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गौतम, जिला सचिव रिजवान, जिला सचिव जमीलू, तहसील अध्यक्ष रविंद्र तोमर, ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश गौतम, ग्राम अध्यक्ष पंकज कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष अजय कुमार, आदि उपस्थित रहे।

# कृषि क्षेत्र के विकास में किसान उत्पादक संगठन निभा रहे महत्वपूर्ण भूमिका

**दैनिक समाज जागरण**
**अहोराम राजौरिया**



अलीगढ़ : आयुक्त अलीगढ़ मण्डल संगीता सिंह ने सोमवार को कृषि विभाग द्वारा संचालित ह्यकोमलिका फार्मर प्रोड्यूसर कंपनीह्न के कार्य प्रबंधन एवं संचालन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कंपनी द्वारा किसानों के हित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की और उनसे जुड़े उत्पादों, विपणन प्रक्रियाओं और किसानों को मिल रहे विभिन्न प्रकार के लाभों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने किसानों से फार्मर रजिस्ट्री जल्द से जल्द कराए जाने एवं 70 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यक्तियों को आयुष्मान कार्ड बनवा लेने का आव्हान किया। कार्यक्रम में मण्डलायुक्त ने मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजना में ग्राम वाद वामनी के किसान हरेन्द्र पाल सिंह को रोटावेटर एवं ट्रैक्टर की चाबी प्रदान की।

मंडलायुक्त ने कंपनी प्रबंधन को निर्देशित किया कि किसान उत्पादक संगठनों को और अधिक सक्रिय बनाया जाए ताकि अधिक से अधिक कृषक लाभान्वित हो सकें। उन्होंने कहा कि एफपीओ के माध्यम से किसानों को बेहतर बाजार, तकनीकी जानकारी एवं प्रशिक्षण की सुविधा मिलनी चाहिए। सरकार भी एफपीओ के सृजन और सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाओं और अनुदानों के माध्यम से सहायता प्रदान कर रही है। कृषि विभाग द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम, वित्तीय सहायता और तकनीकी मार्गदर्शन देकर एफपीओ को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। एफपीओ न केवल किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण में सहायक बन रहे हैं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार सृजन और उद्यमिता को भी बढ़ावा दे रहे हैं। भविष्य में कृषि क्षेत्र के सतत विकास और खाद्य सुरक्षा में एफपीओ की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होगी।

इस अवसर पर मंडलायुक्त ने परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का भी अवलोकन किया। स्टॉलों पर कृषि, पशुपालन, उद्यान, मत्स्य, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, नेडा, ग्रामीण विकास एवं स्वयं सहायता समूहों से संबंधित योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित की गई थी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और किसानों को इनसे अधिकतम लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

कोमालिका फार्म प्रोड्यूसर के चेयरमैन आर0पी0 पचौरी ने बताया कि वर्ष 2018 में गठित एफपीओ में 10 किसान सदस्य थे। 07 वर्ष बाद आज 1595 किसान जुड़ गए हैं। एफपीओ के माध्यम से बीज उत्पादन, एग्रीकल्चर इनपुट, गेंहू की सरकारी खरीद, उन्नत प्रजाति के बीज बनाने एवं बिक्री करने एवं किसानों का आलू विदेशों में निर्यात करना प्रमुख रहा है। 2023-24 में कम्पनी का टर्नओवर 732.96 लाख रहा, जिसमें लाभांश की धनराशि 31 लाख से अधिक रही। सरकार द्वारा फार्म मशीनरी बैंक से 08 लाख, बीज विधायन संयंत्र में योजना 60 लाख, मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम में 04 लाख और मिलेट्स प्रोसेसिंग प्रोजेक्ट पर 47.50 लाख का अनुदान प्राप्त हुआ है। मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा कम्पनी को चौधरी चरण सिंह किसान सम्मान से भी सम्मानित किया गया है।

# आतंकवाद के विरोध में अलीगढ़ बाजार रहा बन्द

**दैनिक समाज जागरण**
**अहोराम राजौरिया**




अलीगढ़ : संयुक्त व्यापार मंडल द्वारा पाकिस्तान पोषित आतंकवाद एवं पहलगाम में निर्दोष हिंदूओ की हुऐ नरसंहार के विरोध में (आज) महानगर अलीगढ़ को एतिहासिक रूप वंद कराया गया अधिकांश वाजार स्वत ही वन्द रहे। संयुक्त व्यापार मंडल के संयोजक प्रदीप गंगा के नेतृत्व में आज प्रातः से ही व्यापार मंडल के पदाधिकारी व सदस्य सड़कों पर उतरकर बाजारों में निकल पड़े कुछ स्थानों पर छुटपुट रुप से दुकानें खुली हुई थी उन्हें वन्द कराया गया। इसके वाद एक सभा का आयोजन रेलवे रोड पर रखा गया जिसका संचालन करते हूं व्यापारी नेता मनीष अग्रवाल वूल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री को अव समझ लेना चाहिए कि एक सौ चालीस करोड़ भारतीय आपसे सिर्फ आतंकवाद को खत्म कराना ही नही चाहते वल्कि दुनिया के नक्शे से पाकिस्तान जेसे नाम का भी सफाया चाहते हैं। इसके लिए हमारे देश का व्यापारी आवश्यकता पड़ने पर सरकार की तिजोरी भी भरने को तैयार हैं। व्यापारी नेता हरिकिशन अग्रवाल ने कहा कि- आज के एतिहासिक बन्द ने यह दर्शा दिया है कि जव इस देश को व्यापारी समाज की आवश्यकता होगी तो वह इसी तरह एकजुट होकर देशहित में हर प्रकार से कुबार्नी देने को तैयार रहेगा। प्रदीप गंगा ने कहा कि आज के बन्द में मुस्लिम समाज ने अपने अपने प्रतिष्ठान स्वतः ही वन्द रखकर व्यापारी एकता एंव देश के प्रति अपनी निष्ठा का प्रदर्शन किया है। प्रथम वार मुस्लिम बाजारों की हुई बन्दी काविले तारीफ है। अब सरकार को विना किसी हिचकिचाहट के पाकिस्तान को करारा सबक दे देना चाहिए।

व्यापारी नेता कमल गुप्ता,सोरभ सिक्स संस, राजेश गर्ग, विवेक वगाई, दीपक गर्ग, सुशील मित्तल, मोनू अग्रवाल, हेमंत गर्ग, संजय गौड़ ने भी अपने सम्बोधन में पाकिस्तान को नेस्तनाबूद करने तथा भारत को सख्ती से आतंकवाद का सफाया करने की मांग रखी। सभा के अंत में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का पुतला अब्दुल करीम चौराहे पर ले जाकर फूंका गया।सभी जूते, चप्पल मारकर उसे अग्नि के हवाले किया। आक्रोश सभा में मा.ओम प्रकाश वार्ष्णेय, राहुल कनक,भूपेंद्र वार्ष्णेय, दुर्गेश वार्ष्णेय, पंकज वार्ष्णेय, प्रदीप वर्मा, सन्तोष वाष्णेय, रंजन शर्मा, संजीव गौड़, अमन गुप्ता, अरविंद पंडित,हेमन्त गर्ग, राजा भाई, नईम खान, विशाल भगत, विष्णु वार्ष्णेय, विनय गुप्ता, राकेश लीडर, कुलदीप सिंह टीटू, गणेश घूंघट, राहुल स्केप, विनोद माहौर, दीपक चौधरी पार्षद आदि सैकड़ों की तादाद में व्यापारियों की उपस्थिति रही।

# भारतीय मजदूर संघ ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर शिक्षकों की वेतन वृद्धि की मांग उठाई

**दैनिक समाज जागरण**



फिरोजाबाद! जनपद के निजी स्कूलों में शासनदेश की नियमावली एवं अध्यापको का वेतन ब्रद्धी लागू कराये जाने के सम्बन्ध में भारतीय मजदूर संघ ने जिला अधिकारी के नाम उनकी अनुपस्थिति में अपर जिला अधिकारी श्रीमती संगीता गौतम को ज्ञापन देकर शिक्षकों की वेतन वृद्धि की मांग उठाई उन्होंने जापान में कहां है कि सभी स्कूलों में नया सत्र प्रारम्भ हो गया है साथ ही निजी स्कूल शासनादेशो का पालन न कर अपनी मनमानी पर उतारू है । एवं इन्होने शिक्षण संस्थानों को लूट का तंत्र बना दिया है । स्कूल प्रबधन द्वारा ठउएफ्ळ की पुस्तको से शिक्षा न देकर अन्य पुस्तको को एवं हर साल नई पुस्तको को फेर बदलकर पाठ्यक्रम में लागू करायी जा रही है । शिक्षा माफिया मनमानी कर रेट में ब्रद्धि अवैध पैसा बसूल रहे है अपनी नीयत की गयी दुकानों से ही कॉपी, किताब और यूनिफार्म मनमाने दामो पर खरीदने के लिए अभिभावकों को मजबूर किया जा रहा है` अधिकतर स्कूलों में अपने यहाँ पर दुकान खुलवा रखी है एवं फीस 12 माह की बसूली जाती है

और अध्यापको को 10 माह का वेतन दिया जाता है और अध्यापको का राज्य कर्मचारियों के समकक्ष या कम से कम 20-25 हजार रूपए वेतन दिया जाना चाहिए, उनको बहुत कम वेतन दिया जाता है, किसी अध्यापक के यहाँ कोई अनहोनी होने या शादी विवाह में जाने से उसका वेतन काट दिया जाता है` जो बच्चे फ्ळए के तहत जाते है उनके साथ भेदभाव किया जाता है । फिरोजाबाद अतिपिछडा क्षेत्र होने के कारण यहाँ ज्यदातर रहने वाले लोग मजदूर वर्ग से है, इसके बाद इस भीषण महंगाई में जहा एक तरफ अभिभावकों के लिए अपने परिवार का भरण पोषण करना मुस्किल हो रहा है वही स्कूलों के इस लूट तंत्र के कारण वे घनघोर मानसिक प्रताड़ना से गुजर रहे है। भारतीय मजदूर संघ इन स्कूलों के इस निरकुश प्रवत्ति के रवैये का घोर विरोध करता है, एवं आपसे निवेदन है कि इस लूट तंत्र का त्वरित सज्ञान लेते हुए इसको रोका जाये` जिले के समस्त स्कूलों की शासनादेश अनुसार जाँच कर नियमावली अनुसार शासनादेश के अनुसार पालन कराया जाए

# योगी का बुलडोजर शक्ति और सख्ती का है प्रतीक- असीम अरुण

लखनऊ, 28 अप्रैल। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने अखिलेश के शासनकाल में वंचित वर्गों पर हुए अत्याचारों को उजागर करते हुए योगी सरकार की विकास और युवा कल्याण योजनाओं की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की छोटी सोच और भेदभावपूर्ण नीतियों के कारण जनता ने उन्हें सत्ता से बाहर किया।

मंत्री असीम अरुण ने अखिलेश यादव के 2012-2017 के शासनकाल को याद दिलाते हुए कहा कि सपा सरकार में अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग के लोगों पर अत्याचार हुए जो आज भी जनता के जेहन में हैं। अखिलेश ने बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का अपमान किया। उन्होंने कन्नौज में बाबा साहब के नाम पर बने मेडिकल कॉलेज का नाम बदल दिया। इसके अलावा भगवान बुद्ध की प्रतिमा स्वीकार करने से इनकार किया और उनकी माता महामाया के नाम पर बने जिले के नाम पर अपनी काली कलम चलाई। उन्होने कहा कि आखिर इसके पीछे अखिलेश यादव की मंशा क्या थी, उन्हें जनता को बताना चाहिए और उन्हें इसके लिए जनता से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अखिलेश अब अनुसूचित समाज और गरीबों को ठगने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन जनता उनके झांसे में नहीं आएगी। अखिलेश ने अपने शासन के अंत में अनुसूचित जाति के बच्चों की छात्रवृत्ति रोक दी थी, जिसे योगी सरकार ने दोबारा शुरू किया।

**प्रदेश में एक्सप्रेसवे और बुनियादी ढांचे का तेजी से हो रहा विकास**

असीम अरुण ने कहा कि योगी सरकार की विकास नीतियां 'सबका साथ, सबका विकास' की है। उन्होंने कहा कि योगी का बुलडोजर दो चीजों का प्रतीक है- विकास यानि शक्ति और सख्ती। एक ओर प्रदेश में एक्सप्रेसवे और बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास हो रहा है, वहीं दूसरी ओर माफियाओं द्वारा गरीबों और सरकारी जमीन पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया जा रहा है।

# नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन की बैठक सम्पन्न

**दैनिक समाज जागरण**
**अहोराम राजौरिया**



जिस्ट्रेट संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में सोमवार को नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मादक पदार्थों एवं नशीली दवाओं की तस्करी पर रोकथाम, अवैध व्यापार पर नियंत्रण एवं जन जागरूकता अभियान की समीक्षा की गई। डीएम ने अन्तर्विभागीय समन्वय एवं सूचनाओं के आदान-प्रदान से प्रतिबंधित पदार्थों का उपयोग पाए जाने पर प्रभावी कार्यवाही के लिए आपूर्तिकर्ता के स्रोत का पता लगाकर उनके विरूद्ध अभियान चलाने के निर्देश दिए। डीएम ने निर्देश दिए कि मादक पदार्थों के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाए जाने के साथ नशे के शिकार व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि युवाओं में नशीले पदार्थों का प्रयोग बढ़ता जा रहा है, जोकि एक गंभीर समस्या है। मादक पदार्थों के क्रय-विक्रय एवं उपयोग को रोकते हुए इसके दुष्परिणामों, हानिकारक प्रभावों के बारे में जनसामान्य को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि मेडिकल स्टोर्स पर प्रतिबंधित दवाओं की ब्रिक्री पर अंकुश लगाने के लिए बिना चिकित्सक की अनुमति से बिक्री न की जाए। उन्होंने समिति के सदस्यों को निर्देशित किया कि अलीगढ़ हरियाणा एवं दिल्ली प्रदेश से सटा हुआ है, जबकि राजस्थान राज्य भी अधिक दूर नहीं है, ऐसे में पुलिस एवं अभिसूचना तंत्र को सक्रिय करते हुए समय-समय पर इन राज्यों से आने वाली बसों व अन्य वाहनों की चैकिंग कर नशीले पदार्थों की तस्करी की संभावनाओं को शून्य किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि स्कूल कॉलेजों में नशीली दवाओं के सेवन के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को नशीले पदार्थों से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत नशीली दवाओं पदार्थों के उत्पादन, निर्माण, क्रय-विक्रय, परिवहन, भंडारण, उपयोग और उपभोग, अन्तर्राज्यीय और अंतदेर्शीय आयात-निर्यात के अवैध व्यापार पर सख्त निगरानी रखी जाए। नशा मुक्ति केंद्रों एवं पुनर्वास केंद्रों के क्रियाकलापों का समय-समय पर पर्यवेक्षण भी किया जाए। एसपी ट्रैफिक मुकेश कुमार उत्तम ने कई महत्वपूर्ण छापेमारी अभियान में जब्त नशीले पदार्थों के बारे में जानकारी दी।

# लोनिवि द्वारा कराए जाने वाले कार्यों का किया गया प्रस्तुतिकरण

**दैनिक समाज जागरण**
**अहोराम राजौरिया**



अलीगढ़ : जिले के विकास एवं नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कलक्ट्रेट में जिलाधिकारी कक्ष में वित्तीय वर्ष 2025-26 में लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जाने वाले प्रस्तावित कार्यों के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मा0 सांसद श्री सतीश कुमार गौतम ने की, जिसमें मा0 विधायक खैर श्री सुरेंद्र दिलेर, मा0 एमएलसी डॉ0 मानवेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी संजीव रंजन, मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह, लोक निर्माण विभाग एवं सेतु निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। मा0 सांसद सतीश कुमार गौतम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़े इन कार्यों पर पूरी निष्ठा एवं तत्परता से कार्य किया जाए, ताकि नागरिकों को शीघ्र ही बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में यातायात सुविधा सुधारने, आवागमन को सहज बनाने और आर्थिक विकास को गति देने के उद्देश्य से नई सड़कों एवं पुलों के निर्माण के लिए मा0 जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए प्रस्तावों पर लोक निर्माण विभाग द्वारा कार्ययोजना प्रस्तुत की गई। बैठक में 150 से अधिक आबादी की बसावटों को जोड़ने के लिए 24 ग्रामीण मार्गों का नव निर्माण एवं इंटर कनेक्टिविटी के लिए 196 ग्रामीण मार्गों का नव निर्माण, 15 ग्रामीण संपर्क मार्गों के पुनः निर्माण, मिसिंग लिंक योजना में 21 ग्रामीण मार्गों का निर्माण, चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के 10 मार्ग, विशेष मरम्मत के 120 कार्य, रोड सेफ्टी के तहत 49 कार्य, फ्लाई ओवर एवं दीर्घ सेतु निर्माण के 04 कार्य, लघु सेतुओं के 53 कार्य, धर्मार्थ मार्ग के तहत चौड़ीकरण के 04 कार्य एवं भवन निर्माण के विभिन्न 25 कार्यों समेत कुल 521 कार्यों के लिए 1215.13 करोड़ की कार्ययोजना प्रस्तुत की गई। लोक निर्माण विभाग एवं सेतु निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रस्तावित कार्यों की तकनीकी और वित्तीय आख्या समयबद्ध ढंग से तैयार करें, ताकि निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सके। बैठक में यह भी तय किया गया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा और समय-समय पर निरीक्षण भी सुनिश्चित किया जाएगा।

# करोड़ो रुपए की लागत से बनने वाले फ्लाई ओवर का सदर विधायक , महापौर ने किया भूमि पूजन !

**दैनिक समाज जागरण –**
**ब्रजमोहन सिंह**




फिरोजाबाद! सीएल जैन कॉलेज से अपर पुलिस अधीक्षक नगर कार्यालय के सामने तक बनने वाले पुल का सदर विधायक मनीष असीजा महापौर कामिनी राठौर ने हवन पूजन कर किया भूमि पूजन इस पुल के निर्माण में 72 करोड़ 70 लाख रु की लागत आयेगी नगर को मिलने वाले तोहफे के रूप में लगभग 72 करोड़ 70 लाख की लागत से बनने वाले अपरगामी सेतु (पुल) का जिला अस्पताल परिसर के गेट नम्बर 3 के समीप सदर विधायक मनीष असीजा नगर निगम की महापौर कामिनी राठौर ने भूमि पूजन कर किया। सदर विधायक ने जानकारी देते हुए बताया, कि इस पुल के बन जाने से नगर अथवा चौराहो पर लगने वाले जाम से नगर की जनता को काफी राहत मिलेगी, उन्होंने बताया लगभग साढ़े सात मीटर चौड़ाई में बनने वाले सिंगल प्लर पर इसे मैट्रो की तर्ज पर बनाया जायेगा, इसके दोनों तरफ सड़क बिल्कुल खाली रहेगी। जिससे वाहनों के आवागमन में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नही होगी। इस पुल का शुभारंभ सीएल कॉलेज से शुरू होकर अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कार्यालय के सामने तक किया जाएगा। जिसको उत्तर प्रदेश सेतु निगम द्वारा करीब 18 महीनों में बनाकर तैयार किया जायेगा। वही अगले चरण में इसी तरह का दूसरे पुल का निर्माण बरी के नगले चौराहा से जाटव पुरी चौराहा, नैनी ग्लास होते हुए रसूलपुर थाने के सामने तक कराया जायेगा।

भूमि पूजन के दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, महानगर उपाध्यक्ष सतीश दिवाकर, पूर्व सांसद ओमपाल सिंह निडर, ओम प्रकाश वर्मा पूर्व विधायक, पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील टंडन डॉ अमित गुप्ता, राकेश शंखवार पूर्व महानगर अध्यक्ष, श्याम सिंह यादव, नानक चन्द्र अग्रवाल, उदय प्रताप सिंह, प्रमोद बघेल,देवेश भारद्वाज, राजेन्द्र बोहरे, अरविन्द पचौरी, प्रदीप कुमार गुप्ता, लकी गर्ग, बीएस गुप्ता, प्रशांत माहेश्वरी ,गुड्डा पहलवान,दिनेश वशिष्ठ ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष,अनुपम शर्मा, जया शर्मा, पूनम शर्मा (पार्षद) हरिओम वर्मा, प्रमोद राजौरिया (पार्षद) सहित भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# "प्राइवेट चिकित्सक संगठन ने आतंकवादियों के हमले के मृतकों को कैंडल मार्च कर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की"

**दैनिक समाज जागरण**




फिरोजाबाद! प्राइवेट चिकित्सक संगठन रजिस्टर्ड उत्तर प्रदेश ने कश्यप बगीची रामनगर प्रांगण से चंदवार गेट रेलवे पुल तक कैंडल मार्च कर आतंकवादियों के हमले में शहीदों की मृत आत्माओं को शोक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर उदयवीर सिंह यादव ने कहा कि बहुत ही दुखद दुर्घटना है हमारी खुफिया एजेंसी की चूक के कारण इतना बड़ा हादसा हुआ इसकी जवाबी कार्रवाई करने की सरकार से मांग की प्रदेश महासचिव डॉक्टर डी आर वर्मा ने कहा कि धर्म पूछ कर गोली मारना बहुत बड़ा जघंय अपराध है हमारे देश में हिंदू मुस्लिम सिख इसाई भाई भाई की तरह रह रहे हैं उन में दरार डालने का प्रयास किया गया है जबकि घटना के दौरान वहां उपस्थित मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कई यात्रियों की जान बचाने का काम किया जिला अध्यक्ष डॉ मुनेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि घटना की जितनी निंदा की जाए वह काम है आज संगठन के माध्यम से मृतकों की आत्मा की शांति है कैंडल मार्च कर अशोक श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉक्टर बीपी सिंह संखवार,डॉक्टर भानु प्रताप सिंह जादौन, डॉक्टर प्रदीप कुमार, श्रीवास्तव डॉक्टर ज्ञान सिंह शाक्य,डॉक्टर सतीश चंद्र यादव, डॉक्टर हरविलास श्रीवास्तव, डॉक्टर मुन्नालाल पाल,अरविंद कुमार वर्मा,डॉ जेपी मटुरिया, डॉक्टर पुरुषोत्तम वर्मा, डॉक्टर रामवीर सिंह, डॉ दिवाकर कुलश्रेष्ठ, डॉक्टर कालीचरण सविता, डॉ नरेंद्र कुमार, डॉ सुदेश कुमार,डॉक्टर महेश वर्मा, डॉक्टर डीके सरकार आदि अनेक चिकित्सक उपस्थित थे!

# मंगलायतन विश्वविद्यालय में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय बीज दिवस

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**



अलीगढ़ : मंगलायतन विश्वविद्यालय में कृषि विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय बीज दिवस मनाया गया। यह दिवस बीजों के महत्व और खाद्य सुरक्षा के लिए उनकी भूमिका का जश्न मनाता है। विभागाध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार ने कार्यक्रम का आरंभ करते हुए बीज के महत्व को समझाया। सह प्राध्यापक डा. संजय सिंह ने बीज दिवस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए इसके उद्देश्यों पर विस्तृत विचार व्यक्त किए। उन्होंने परंपरागत बीज को संरक्षित करने पर जोर दिया। डा. रोशन लाल ने प्राकृतिक पराग जैसे मधुमक्खी, तितली और पक्षी का बीज के उत्पादन में भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रो. वेदरतन ने बीज को परिभाषित किया और साथ ही उन्होंने बीज और अनाज में भिन्नता की बात करते हुए बीज के अच्छे उत्पादन के लिए शोधन के बारे में जानकारी दी। डा. विपिन कुमार ने स्वागत एवं डा. पवन कुमार सिंह ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डा. आकांक्षा सिंह, डा. मयंक प्रताप, डा. प्रत्यक्ष पांडेय, डा. कृष्ण पटेल, पंकज कुमार एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# अलीगढ़ स्पोर्ट्स एसोसिएशन के ऑफिस का हुआ उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**




अलीगढ़ : महुआ खेड़ा क्रिकेट ग्राउंड पर बने अलीगढ़ स्पोर्ट्स एसोसिएशन के नए ऑफिस का उद्घाटन अलीगढ़ स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक बंसल ने रिबन काटकर अपने हाथों से किया। इसके बाद अलीगढ स्पोर्ट्स एसोसिएशन के महुआ खेड़ा क्रिकेट ग्राउंड- पर उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में अलीगढ़ स्पोर्ट्स एसोसिएशन के बैनर तले अंडर 16 जिला मैचेज का पहला मैच खेला गया जिसमें मुख्य अतिथि अलीगढ़ स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक बंसल रहे जिन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उन्हें प्रेरित किया व शुभकामनाये दी। इस मौके पर ऑब्जर्वर उबैद कमाल (पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी, पूर्व सिलेक्ट जूनियर तथा सीनियर सिलेक्शन कमिटी तथा पूर्व चीफ सिलेक्टर उत्तराखंड) अंपायर आसिफ रजा और अमित वर्मा तथा स्कोरर आशुतोष बाजपेई , अलीगढ़ स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सेक्रेटरी अब्दुल वहाब टूनार्मेंट सिक्योरिटी अर्जुन सिंह फकीरा ट्रेनर अमित राजोरिया सतीश यादव मौजूद रहे।

# बीच बाजार चले झाड़ू-डंडे, वीडियो वायरल

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद! जसराना कस्बा पाढ़म निवासी चार युवकों को एक दुकानदार से अभिवादन करना महंगा पड गया। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। इस दौरान मौजूद दुकानदारों ने युवकों की डंडों एवं झाड़ू से पिटाई लगा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस के सामने भी झगडा करने पर पुलिस दोनों पक्षों से एक-एक युवक को लेकर कोतवाली पहुंची। पुलिस ने दोनों के खिलाफ शांतिभंग में कार्रवाई की है। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



थाना जसराना के कस्बा पाढ़म निवासी कृष्णा कुशवाहा अपने तीन अन्य साथियों के साथ कस्बा जसराना आया था। कस्बा में चौराहे के पास परचून की दुकान करने वाले दुकानदार मनीष गुप्ता के पिता राजकुमार गुप्ता से युवकों ने अभिवादन कर दिया। इसी बात को लेकर राजकुमार ने युवकों से गालियां देना शुरू कर दिया। युवकों ने गालियां देने का विरोध किया तो दोनों में विवाद हो गया। इसी दौरान अन्य दुकानदारों के साथ राजकुमार के साथ उसकी पत्नी एवं पुत्र आ गए। सभी ने मिलकर युवकों को पीटना शुरू कर दिया। इसी दौरान मनीष गुप्ता के सिर में चोट लग गई। मौके पर थाना जसराना से पुलिस फोर्स पहुंच गया। पुलिस के सामने ही दोनों पक्षों में जमकर विवाद होता रहा। पुलिस ने विवाद करने पर कृष्णा एवं मनीष गुप्ता को हिरासत में ले लिया। दोनों के खिलाफ पुलिस ने शांतिभंग में कार्रवाई की है। वहीं विवाद के दौरान कस्बा में हडकंप मचा रहा। थाना प्रभारी निरीक्षक शेर सिंह ने बताया बाजार में दो पक्षों में मारपीट की घटना हुई है। दोनों के खिलाफ शांतिभंग में कार्रवाई की गई है।

# नाली के विवाद में दबंगों ने सास बहू को मारपीट कर किया लहूलुहान

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। थाना रामगढ़ क्षेत्र में नाली के विवाद में दबंगों ने सास बहू को मारपीटकर घायल कर दिया। मामले ने आधा दर्जन लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।

नेपई निवासी फूला देवी व उसकी पुत्र वधू सीमा देवी से नाली को लेकर पड़ोस के लोगों से विवाद हो गया। दबंगों ने गाली गलौज के बाद सास बहू के साथ मारपीट कर दी। दोनों को दबंगों ने लाठी डंडों से मारकर लहूलुहान कर दिया। उन्होंने चीखपुकार की तो गांव के लोग एकत्रित हो गए। उन लोगों ने दबंगों से सास बहू को बचाया। मारपीट में दोनों घायल हो गई। उन्हें पुलिस को न बताने की हिदायत दी।

घायल फूला देवी के पुत्र ब्रजेश ने थाने में वीरेश पुत्र हजारी, वीनू पुत्र अज्जूदी प्रसाद, करन, बौध्दा, मनोज पुत्रगण बन्टू निवासी नैपई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मारपीट में घायल सास बहू का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया है।

# सहयोग बढ़ाने का रोडमैप हुआ प्रस्तुत

बैठक में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने उत्तर प्रदेश को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी निवेश गंतव्य बनाने के लिए स्टेकहोल्डर्स के बीच सहयोग बढ़ाने का रोडमैप प्रस्तुत किया। इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय किरण आनंद ने समीक्षा बैठक के एजेंडे की रूपरेखा प्रस्तुत की और आगामी वर्ष के लिए लक्ष्य निर्धारण की शुरूआत की। एक संरचित और रणनीतिक दृष्टिकोण पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि निवेश को आकर्षित करने के लिए समन्वय सबसे महत्वपूर्ण है। टीमवर्क का मतलब सिर्फ एक साथ काम करना ही नहीं बल्कि इसका मतलब है कि एक साथ बढ़ना, एक-दूसरे से सीछना और खुद को विकसित करना। बैठक में मुख्यमंत्री के सचिव सूर्य पाल गंगवार ने जिला स्तरीय निवेश प्रोत्साहन तंत्र को मजबूत करने को लेकर एक विस्तृत प्रस्तुति दी।

# अनियंत्रित एंबुलेंस ने दरवाजे पर खड़ी निजी स्विफ्ट डिजायर कार में मारी जोरदार टक्कर

**संवाददाता विनोद कुमार सिंह। दैनिक समाज जागरण**

चोपन/सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के सिंदुरिया रोड पर रविवार की देर रात मरीज लेने जा रही एंबुलेंस ने दरवाजे पर खड़ी एक निजी स्विफ्ट डिजायर कार को जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद एंबुलेंस चालक मौके पर ही वाहन खड़ा छोड़कर फरार हो गया, पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार चोपन के सिंदुरिया रोड निवासी प्रवीण सिंह के भतीजे गत रात्रि अपने दरवाजे पर कार खड़ी कर सोने चले गए बताया जाता है मध्य रात्रि के आसपास चोपन हॉस्पिटल से मरीज लेने के लिए एंबुलेंस निकली थी और प्रवीण सिंह के दरवाजे पर खड़ी कार में उसने जबरदस्त टक्कर मार दी, टक्कर इतनी जोरदार थी की समीप में ही बजरंग गारमेंट की बाहरी दीवार को तोड़ते हुए कार लगभग 20 फीट पीछे तक चली गई और उसका बोनट सहित आगे का इंजन बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया टक्कर के बाद एंबुलेंस की स्टार्ट नहीं हुई परिणाम स्वरूप चालक घटनास्थल पर ही वहां छोड़कर मौके से फरार हो गया। सुबह वाहन स्वामी जब घर से बाहर निकले कार की क्षतिग्रस्त हालात देखकर आश्चर्य चकित हो गए, सामने खड़ी एंबुलेंस को देखकर के पूरा वाकया उनके समझ में आया और तब उन्होंने थाने को सूचना दी चोपन पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

# संदिग्ध परिस्थिति में रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी।

## - रेलवे ट्रैक पर शव मिलने के बाद जुटे ग्रामीण

**ब्यूरो चीफ/ दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के मारकुंडी स्थित बैराज बांध के समीप रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध परिस्थिति में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय ग्रामीणों का भारी जमावड़ा घटनास्थल पर जुट गया। इस शव के मिलने के कारणों को लेकर गांव में तरह तरह की चर्चा का माहौल बन गया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) और स्थानीय पुलिस ने शव की पहचान कराने के लिए प्रयास शुरू कर दिए। घटनास्थल पर भीड़ बढ़ने के कारण स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को कड़ी मेहनत करनी पड़ी। ग्रामीणों ने बताया कि यह शव किसी दुर्घटना का शिकार हुआ है, जिसमें ट्रेन के धक्के से या समय पर मेडिकल ट्रीटमेंट न मिल पाने की वजह से मौत हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव की पहचान के लिए ग्रामीणों से मदद मांगी, ताकि मृतक के परिवार को सूचित किया जा सके। शव की स्थिति को देखकर यह स्पष्ट था कि यह मामला गंभीर है और इसके पीछे कोई हादसा ही हो सकता है। जबकि पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है। कयास लगाया जा रहा है कि, मृतक रेलवे ट्रैक की नजदीक रह रहा था और किसी कारणवश ट्रैक पर आ गया। ट्रेन से टकराने के कारण शव



की स्थिति अत्यधिक गंभीर थी और इसे देखकर ऐसे अनुमान लगाए जा रहे हैं कि मृतक शायद किसी भीषण दुर्घटना का शिकार हुआ हो। इस घटना के बाद ग्रामीणों का कहना है कि ट्रैक के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ाने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं का सामना न करना पड़े। पुलिस द्वारा इस मामले की जांच की जा रही है और शव की पहचान होने के बाद मृतक के परिवार को सूचित किया जाएगा। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि रेलवे ट्रैक के किनारे सुरक्षा के उचित उपाय किए जाएं, ताकि ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति न हो सके। वहीं पुलिस शव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है, ताकि मौत के सही कारणों का पता लगाया जा सके।

# कोयला लदी ट्रेलर ने खड़ी ट्रेलर में, पीछे से मारी जोरदार टक्कर।

**ब्यूरो चीफ/ दैनिक समाज जागरण।**

सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के परास पानी अन्नपूर्णा ढांबा के पास कोयला लदा ट्रेलर ने पहले से खड़ी ट्रेलर में मारा जोरदार टक्कर, ट्रेलर के ऊपर चढ़ा ट्रेलर कोई हताहत नहीं, ट्रेलर हुईं क्षतिग्रस्त मिली जानकारी के मुताबिक बीते रविवार मध्य रात्रि लगभग 2:40 बजे सीजी 15 ईसी 9348 ट्रेलर चोपन थाना क्षेत्र के परास पानी अन्नपूर्णा ढाबा के पास वाराणसी शक्ति नगर राज्य मार्ग के



किनारे साइड में खडी कर टायर बदल रहा था उसी दौरान पिछे से तेज रफ्तार से रेनू कोट के तरफ से दुसरी कोयला लदा ट्रेलर ने पिछे से आकर जोरदार टक्कर मार दिया इस घटना में ट्रेलर का केबिन क्षतिग्रस्त हो गया जिसमें जीएच 03 ऐएम 1374 केबिन में फंसे ट्रेलर के चालक सागर कुमार पुत्र रामजी राम निवासी सोनपुरा थाना नगर उटारी गढ़वा झारखंड को स्थानीय लोगों के मदद से सुरक्षित बाहर निकलवाया गया वही चालक मामूली चोटिल हुआ था जहा सूचना पाकर मौके पर पहुंचे चोपन थाना के हल्का इंचार्ज रविन्द्र पांडेय टीम के साथ पहुंचकर अग्रिम कारवाई में जुटे रहे।

# धर्मगुरुओं ने संभाली बाल विवाह की रोकथाम की कमान

## जनपद में बाल विवाह मुक्त ग्राम बनाएगी ग्राम स्वराज समिति- महेशानंद

**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी। दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा और बाल विवाह की रोकथाम के लिए कार्यरत संगठन ग्राम स्वराज समिति ने बाल विवाहों की रोकथाम के लिए धर्मगुरुओं के बीच चलाया जागरूकता अभियान-संगठन के निदेशक महेशानंद भाई ने कहा, धर्मगुरुओं से मिला सहयोग व समर्थन अभिभूत करने वाला, इस अक्षय तृतीया जिले में नहीं होगा एक भी बाल विवाह बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश में नागरिक समाज संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के सोनभद्र में सहयोगी संगठन ग्राम स्वराज समिति की ओर से अक्षय तृतीया और शादी-ब्याह के मौसम को देखते हुए बाल विवाहों की रोकथाम के लिए विभिन्न धर्मों के विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहितों के बीच चलाए जा रहे जागरूकता अभियान को व्यापक सफलता मिली है और सभी धर्मगुरुओं ने इसकी सराहना करते हुए समर्थन का हाथ बढ़ाया है। संगठन ने कहा कि यह देखते हुए कि कोई भी बाल विवाह किसी पंडित, मौलवी या पादरी जैसे पुरोहित के बिना संपन्न नहीं हो सकता, हमने उन्हें बाल विवाह के खिलाफ अभियान से जोड़ने का फैसला किया। इसके सकारात्मक नतीजों को देखते हुए हम उम्मीद कर सकते हैं इस अक्षय तृतीया पर जिले में एक भी बाल विवाह नहीं होने पाएगा। आज जिले में तमाम मंदिरों-मस्जिदों के आगे ऐसे बोर्ड लगे हुए जिन पर स्पष्ट लिखा है कि यहां बाल विवाह की अनुमति नहीं है। गौरतलब है कि जेआरसी 2030 तक देश से बाल विवाह खत्म करने के मकसद से 'चाइल्ड मैरिज फ्री इंडिया' कैम्पेन चला रहा है।



जेआरसी कानूनी हस्तक्षेपों के जरिए बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश के 416 जिलों में जमीन पर काम कर 250 से भी ज्यादा नागरिक संगठनों का नेटवर्क है जिसने पिछले वर्षों में दो लाख से ज्यादा बाल विवाह रुकवाए हैं और पांच करोड़ से ज्यादा लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई है। इसके सहयोगी संगठन ग्राम स्वराज समिति ने स्थानीय प्रशासन के साथ सहयोग व समन्वय से कानूनी हस्तक्षेपों और परिवारों एवं समुदायों को समझा-बुझा कर अकेले 2023-24 में ही जिले में आपसी सहमति से 300 बाल विवाह रुकवाए हैं। यह संगठन 2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए जेआरसी के संस्थापक भुवन ऋभु की किताब ह्यव्हेन चिल्ड्रेन हैव चिल्ड्रेन : टिपिंग प्वाइंट टू इंड चाइल्ड मैरेजह्ल में सुझाई गई समग्र रणनीति पर अमल कर रहा है।

ग्राम स्वराज समिति के निदेशक महेशानंद भाई ने कहा कि अभी भी देश में बाल विवाह के खिलाफ जरूरी जागरूकता की कमी है। ज्यादातर लोगों को यह पता नहीं है कि यह बाल विवाह निषेध अधिनियम (पीसीएमए), 2006 के तहत दंडनीय अपराध है। इसमें किसी भी रूप में शामिल होने या सेवाएं देने पर दो साल की सजा व जुमार्ना या दोनों हो सकता है। इसमें बाराती और लड़की के पक्ष के लोगों के अलावा कैटरर, साज-सज्जा करने वाले डेकोरेटर, हलवाई, माली, बैंड बाजा वाले, मैरेज हाल के मालिक और यहां तक कि विवाह संपन्न कराने वाले पंडित और मौलवी को भी अपराध में संलिप्त माना जाएगा और उन्हें सजा व जुमार्ना हो सकता है। उन्होंने कहा कि इसीलिए हमने धर्मगुरुओं और पुरोहित वर्ग के बीच जागरूकता अभियान चलाने का फैसला किया क्योंकि यह वो सबसे महत्वपूर्ण वर्ग है जो विवाह संपन्न कराता है। हमने उन्हें समझाया कि बाल विवाह और कुछ नहीं बल्कि बच्चों के साथ बलात्कार है। अठारह वर्ष से काम उम्र की किसी बच्ची से वैवाहिक संबंधों में भी यौन संबंध बनाना यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून के तहत बलात्कार है। बेहद खुशी का विषय है कि आज पंडित और मौलवी इस बात को समझते हुए न सिर्फ इस अभियान को समर्थन दे रहे हैं, बल्कि खुद आगे बढ़कर बाल विवाह नहीं होने देने की शपथ ले रहे हैं। यदि पुरोहित वर्ग बाल विवाह संपन्न कराने से इनकार कर दे तो देश से रातोंरात इस अपराध का सफाया हो सकता है। इस अभियान में उनके आशातीत सहयोग व समर्थन से हम अभिभूत हैं। इसको देखते हुए हमारा मानना है कि जल्द ही हम बाल विवाह मुक्त सोनभद्र के लक्ष्य को हासिल कर लेंगे।

# मिशनशक्ति अभियान के तहत पुलिस द्वारा प्रतिदिन चलाया जा रहा महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान

**समाज जागरण/ शिव प्रताप सिंह।**

सोनभद्र। शासन द्वारा बालिकाओं/ महिलाओं की सुरक्षा व महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण के दृष्टिगत चलाये जा रहे मिशन शक्ति (फेज-05) अभियान के तहत अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षार्थ जनपद में गठित एण्टी रोमियों स्क्वाड द्वारा प्रतिदिन मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त कर बालिकाओं/ महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उक्त निर्देश के क्रम में नारी सुरक्षा व नारी सम्मान हेतु चलाये जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत जनपद



के समस्त थानों मे गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा स्कूलों/ कॉलेजों, मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई तथा बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया।

# पुलिस अधीक्षक, द्वारा प्रतिदिन की भांति जनता दर्शन में फरियादियों की सुनी गई समस्याएं।

**समाज जागरण/ शिव प्रताप सिंह।**

सोनभद्र। प्रतिदिन की भांति की जा रही जनसुनवाई के क्रम में आज दिनांक-28.04.2025 को अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। महोदय द्वारा सभी थाना प्रभारियों को



सचेत किया गया कि जनसुनवाई/महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो। साथ ही निर्देशित किया गया कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें। इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण व थाना प्रभारियों द्वारा कार्यालय/थाना पर जनसुनवाई करते हुए प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है।

# परशुराम जयंती को ऐतिहासिक बनाने की तैयारियां जोरों पर।

**अरुण पांडेय (गुरूजी) समाज जागरण**

सोनभद्र। तरांवा में 30 अप्रैल को आयोजित परशुराम मूर्ति अनावरण समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मुख्य अतिथि के लिए भारत सरकार के पूर्व मंत्री महेंद्रनाथ पांडेय की सहमति प्राप्त हो गई है, विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री दया शंकर मिश्र दयालु और अध्यक्षता पूर्व कुलपति प्रोफेसर राममोहन पाठक करेंगे। आयोजन समिति के प्रवक्ता श्रीकांत दुबे ने बताया कि तरांवा, बड़कागांव ब्राह्मण समाज की आबादी का सबसे बड़ा गांव है और यहां 125 वर्षों से रामलीला का भी मंचन होता है। यहां पर विष्णु भगवान के छठे अवतार श्री परशुराम जी की भव्य मूर्ति का अनावरण होगा। श्री परशुराम न्यास सोनभद्र की तरफ से पांच विभूतियों को कुल शिरोमणि और कुल गौरव सम्मान से विभूषित किया जाएगा।

विजय शंकर चतुवेर्दी द्वारा लिखित पुस्तिका ह्य सोनभद्र में प्रभु श्रीराम के संदर्भ ह्य के चतुर्थ संस्करण का विमोचन होगा प्रवक्ता ने बताया कि सोनभद्र के बीस सामाजिक व्यक्तियों को परशुराम जी के फरसे की अनुकृति प्रदान की जाएगी ताकि वे और भी ऊर्जा और मनोयोग से समाज की सेवा कर सकें। सम्मानित व्यक्तियों और अतिथियों को मेटल की परशुराम की मूर्ति प्रदान की जाएगी जिसे राजस्थान के कारीगरों से तैयार कराया गया है। 30 अप्रैल को कार्यक्रम 11 बजे प्रारंभ होकर एक बजे समाप्त हो जाएगा, इस अवसर पर अभ्यागतों और अतिथियों के लिए सहभोज की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

# अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाईक सवार युवक की हुई दर्दनाक मौत

**संवाददाता विनोद कुमार सिंह। दैनिक समाज जागरण**

चोपन/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत आज दिनांक 27.4.2025 को वेद प्रकाश यादव पुत्र तुलसी यादव निवासी बिल्ली मारकुंडी वीआईपी रोड थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र करीब 24 वर्ष अपनी मोटरसाइकिल टीवीएस राइडर यूपी 64 ए वी 1284 से अपने घर ओबरा से ससुराल चूर्क जा रहे थे कि वाराणसी शक्ति नगर मार्ग पर अमिला भवानी मोड पटवध




के पहले समय करीब रात्रि 08.40 बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आ गये, जिससे मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, शव को आवश्यक कार्यवाही हेतु मर्चरी हाउस लोढ़ी रावटसगंज भिजवाया गया है, यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चल रहा है, कानून व्यवस्था की कोई समस्या नहीं है।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने डॉ. बलजीत सिंह की पुस्तक का किया विमोचन

**सिरसा/कालांवाली 28 अप्रैल (सुरेश जोरासिया)**

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने गत दिवस सिरसा दौरे के दौरान स्थानीय पत्रकार डॉ. बलजीत सिंह एडवोकेट द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल कौशिक, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, पूर्व मंत्री गोपाल कांडा, जिलाध्यक्ष भाजपा यतींद्र सिंह एडवोकेट, वरिष्ठद्द नेता गोबिंद कांडा, सिरसा नगर परिषद के चेयरमैन शांति स्वरुप आदि गणमान्य मौजूद रहे।




वरिष्ठद्द पत्रकार व लेखक डॉ. बलजीत सिंह एडवोकेट ने बताया कि ह्यएसवाईएल - हकीकत या सियासतह्ल नामक पुस्तक में एसवाईएल से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी दी गई है। इस पुस्तक में हरियाणा में नहरी पानी की आवश्यकता, बिरानी क्षेत्र का विवरण और दक्षिण हरियाणा में पानी की कमी आदि के बारे में बताया गया है। साथ ही गहराते जल संकट व पानी के अत्यधिक दोहन दोनों ही विषयों पर तथ्यों के साथ बताया गया हैं। इसके अलावा डा. बलजीत सिंह एडवोकेट द्वारा किताब में पानी की आपूर्ति, सिंचाई और नहरें, निकास और बांध तथा पानी के भंडारण की भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई है।

# सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक ने प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित

कालांवाली 28 अप्रैल (सुरेश जोरासिया) पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर आईपीएस ने सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर 02 पुलिस कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया । उन्होने बताया कि कर्मचारियों के कार्य का अवलोकन करने के बाद कर्मचारियों को चयनित करके प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया । पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले प्रभारी यातायात पुलिस कालांवाली उप नि. भूप सिंह को चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल सवार को 600 कैप्सूल सिग्नोर बरामद करने पर उन्हे प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित किया गया व प्रभारी चौकी



कालांवाली ढरक सुनील कुमार को चोरी किए मोटरसाइकिल को दो अपराधियों के साथ काबू करने में सफलता हासिल करने के लिए तृतीय श्रेणी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया । पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस से पुलिस कर्मचारियों में अच्छा काम करने की भावना उत्पन्न होगी और काम के प्रति लगन बढ़ेगी । भविष्य में भी सहरानीय कार्य करने वाले कर्मचारीयो को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा ।

# कोयला लदे खड़े ट्रक की टक्कर से बाईक सवार दो युवकों की मौत

**ऊर्जांचल संवाददाता मु० हफीज फुलील। दैनिक समाज जागरण**

अनपरा/ सोनभद्र। जनपद के अनपरा थाना अंतर्गत औडी मोड सिंगरौली मार्ग पर सुभाष पेट्रोल पंप के पास सोमवार शाम ककरी कि कोयला परियोजना से ड्यूटी कर खोडियार गांव मोटरसाइकिल से जा रहे दो युवकों की कथित कोयला लदे खड़े ट्रक से टक्कर हो गई, जिससे दोनों की घटनास्थल पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुटी।




मिली जानकारी अनुसार सोमवार शाम शिवकुमार (उम्र करीब 23 वर्ष) पुत्र चतुरी प्रसाद निवासी ग्राम कुलडोमरी टोला खोडिया व नाहर सिंह (उम्र करीब 33 वर्ष) पुत्र दयाशंकर निवासी ग्राम कुलडोमरी टोला खोडिया थाना अनपरा सोनभद्र ककरी कोयला परियोजना से ड्यूटी कर वापस मोटरसाइकिल संख्या यूपी 64 ए वाई, 5113 से घर जा रहे थे। इस दौरान औडी -सिंगरौली मुख्य मार्ग स्थित सुभाष पेट्रोल पंप के पास कोयला लदे खड़े ट्रक संख्या जेएच 02, एटी, 9536 से कथित टकरा गये जिससे वो गंभीर रूप से चोटिल हो गए। स्थानीय लोगों के कथित जांच पर वह मृत प्रतीत हुए। सूचना पर अनपरा थाना प्रभारी निरीक्षक शिव प्रताप वर्मा पुलिस बल के साथ पहुंचकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

# शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने धार्मिक परीक्षा परिणाम घोषित किए

## 2928 विद्यार्थियों को दी जाएगी 46 लाख 67 हजार रुपए की छात्रवृत्ति

**रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

जैतो, 28 अप्रैल : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की धर्म प्रचार कमेटी द्वारा नवंबर 2024 में करवाई गई पहली और दूसरी धार्मिक परीक्षाओं के परिणाम आज शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने जारी किए। घोषित परिणामों के अनुसार 2928 विद्यार्थियों को करीब 46 लाख 67 हजार रुपए की छात्रवृत्ति दी जाएगी और सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाएगा। परिणाम जारी करने के अवसर पर शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि शिरोमणि कमेटी जहां गुरुद्वारा साहिबों की सेवाओं को कायम रखने का काम करती है, वहीं सिख धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए भी लगातार सक्रिय है। उन्होंने कहा कि युवाओं और बच्चों को सिख इतिहास, नैतिकता और सिख सिद्धांतों से जोड़ने में धार्मिक परीक्षाओं का बहुत



महत्व है। धर्म प्रचार कमेटी की ओर से करवाई जाने वाली धार्मिक परीक्षा में हजारों विद्यार्थी भाग लेते हैं, जिनमें से मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति राशि दी जाती है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही अमृतधारी विद्यार्थियों को अलग से छात्रवृत्ति भी दी जाती है। एडवोकेट धामी ने बताया कि इस वर्ष नवंबर 2024 में करवाई गई धार्मिक परीक्षा में दो ग्रेडों में 53647 विद्यार्थियों ने भाग लिया था, जिनमें से 2928 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति मिली है। इसके साथ ही प्रत्येक ग्रेड में पहले तीन स्थान प्राप्त करने वालों को विशेष राशि भी दी जाएगी। उन्होंने अपील की कि स्कूल प्रशासक प्रत्येक विद्यार्थी को इस धार्मिक परीक्षा का हिस्सा बनाने के लिए आगे आएं, ताकि अधिक से अधिक बच्चे व युवा अपने इतिहास व विरासत से अवगत हो सकें। इस अवसर पर शिरोमणि कमेटी के सचिव प्रताप सिंह, ओ.एस.डी. सतबीर सिंह धामी, अतिरिक्त सचिव बिजय सिंह, उप सचिव प्रो. सुखदेव सिंह, हरभजन सिंह वक्ता, सुखबीर सिंह, इंचार्ज बीबी रणजीत कौर आदि उपस्थित थे।परिणाम जारी करते शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी और अन्य पदाधिकारी।

# नेपाल सीमा से सटे जिलों के अवैध कब्जों पर पूरे दिन गरजा बुलडोजर, ध्वस्त किये गये अवैध निर्माण

लखनऊ, 28 अप्रैलः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सोमवार को भी नेपाल सीमा से सटे जिलों में अवैध कब्जों और बिना मान्यता संचालित धार्मिक संस्थानों के खिलाफ पूरे दिन बुलडोजर चला। प्रदेश के श्रावस्ती, बहराइच, सिद्धार्थनगर, लखीमपुर खीरी और महाराजगंज विशेष अभियान चलाया गया। इनमें श्रावस्ती, बहराइच में अवैध निर्माण ध्वस्त किये गये। वहीं सिद्धार्थनगर में 12 अवैध निर्माण को चिन्हित कर कब्जेदारों को नोटिस जारी की गयी है जबकि लखीमपुर खीरी में अवैध निर्माण के चिन्हिकरण की कार्रवाई पूरे दिन चली, लेकिन कोई अवैध निर्माण नहीं पाया गया। बता दें कि सरहद की बेशकीमती भूमि पर इन लोगों ने लंबे समय से अवैध रूप से कब्जा जमाया हुआ था जिन्हें अब योगी सरकार ने मुक्त कराने का अभियान छेड़ा है।

### बहराइच में 6 अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर, 7 मदरसों के खिलाफ की गई कार्रवाई

बहराइच जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि सीएम योगी के निर्देश सोमवार को भी अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की गयी। उन्होंने बताया कि तहसील नानपारा के अंतर्गत भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा के 0 से 10 किलोमीटर क्षेत्र में सरकारी भूमि पर 227 अवैध अतिक्रमण के मामले चिन्हित किए गए थे। इनमें से सोमवार को 2 अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया जबकि पिछले चार दिनों में 89 अवैध अतिक्रमण हटवाए गए। अब तक कुल 91 अवैध कब्जेदारों से सरकारी भूमि को मुक्त कराया जा चुका है। वहीं तहसील मिहींपुरवा के तहत भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा के 0 से 10 किलोमीटर क्षेत्र में सरकारी भूमि पर 157 अवैध अतिक्रमण के मामले चिन्हित किए गए थे। इनमें से सोमवार को 4 अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया जबकि 27 अप्रैल को 12 अवैध अतिक्रमण हटवाए गए। अब तक कुल 16 अवैध कब्जेदारों से सरकारी भूमि को मुक्त कराया जा चुका है। वहीं कुल 7 मदरसों के खिलाफ कार्रवाई की गयी।

### श्रावस्ती में 12 बिना मान्यता चल रहे अवैध मदरसों पर गिरी गाज

श्रावस्ती जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि सोमवार को बिना मान्यता के संचालित 12 मदरसों पर कार्रवाई की गई है। तहसील जमुनहा में 6, तहसील भिनगा में 4 अेर तहसील इकौना में 2 मदरसों को वैध कागजात न होने पर सील कर दिया गया। अब तक कुल 32 बिना मान्यता के संचालित मदरसों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इसके अतिरिक्त, भारत-नेपाल सीमा से सटे 0-15 किलोमीटर क्षेत्र में अस्थाई व स्थाई अवैध कब्जों के 8 मामलों में भी राजस्व संहिता की धारा-67 के तहत बेदखली की कार्रवाई की गयी। अब तक 127 मामलों में बेदखली की कार्रवाई की गयी है। इसी तरह भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास ग्राम भरथा रोशनगढ़ परगना व तहसील भिनगा स्थित मस्जिद गाटा संख्या 334/0.073 हेक्टेयर व गाटा संख्या 334/0.073 हेक्टेयर पर निर्मित है। इसका आशिंक भाग सरकारी भूमि पर निर्मित होने पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गयी।

# उद्यमी मित्रों व जीआईएम-डीआईसी के वार्षिक लक्ष्य हुए निर्धारित, 'निवेश मित्र-3.0' का होगा अपग्रेडेशन

लखनऊ, 28 अप्रैल। उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने उद्यमी मित्रों व जीएम-डीआईसी के वार्षिक लक्ष्य निर्धारित कर दिए हैं। सीएम योगी के विजन को मिशन मानकर प्रदेश में निवेश प्रोत्साहन और सुविधा एजेंसी इन्वेस्ट यूपी ने अपनी मासिक समीक्षा बैठक का इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सोमवार को आयोजन किया। बैठक में पिछले सत्र के प्रदर्शन की समीक्षा तो की ही गई, साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए रणनीतिक लक्ष्य निर्धारित करने और प्रदेश में निवेश में तेजी लाने के लिए कार्य योजना तैयार करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यक्रम में उद्यमी मित्र पुस्तक का भी विमोचन किया गया।

नंदी ने की बैठक की अध्यक्षता, सर्वश्रेष्ठ औद्योगिक माहौल बनाने पर दिया जोर उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को निवेश के लिहाज से पसंदीदा गंतव्य के रूप में बदलने और 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने सीएम योगी आदित्यनाथ के विजन को साकार करने के लिए विभाग की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने उत्तर प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ औद्योगिक माहौल बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही, राज्य सरकार और निवेशकों के बीच सेतु का काम कर रहे उद्यमी मित्रों को भी उद्योग सुगमता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रकार के सुझाव दिए।

# गरीब मुस्लिम समाज को उसका हक दिलाने की दिशा में वक्फ संशोधन बिल एक ठोस कदम है : राकेश मिश्रा

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। आज भारतीय जनता पार्टी जिला बरेली के द्वारा वक़्फ़ सुधार जन जागरण अभियान की कार्यशाला जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा की अद्यक्षयता में सिविल लाइन्स पार्टी कार्यालय पर आयोजित की गयी। कार्यशाला में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री राकेश मिश्रा रहे। कार्यशाला में अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी व भारी संख्या में अल्पसंख्यक समाज के लोग उपस्थित रहे।



मुख्य अतिथि राकेश मिश्रा ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल के रूप में गरीब मुस्लिम समाज को उसका हक दिलाने की दिशा में वक्फ संशोधन बिल एक ठोस कदम है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के सबका साथ-सबका विकास वाली सोच का विस्तार हो रहा हैं। कहा कि वक्फ संशोधन बिल के रूप में गरीब मुस्लिम समाज को उसका हक दिलाने की दिशा में एक ठोस कदम उठाया गया है। भाजपा किसी भी हालत में वक्फ नामक संस्था को कमजोर नहीं करना चाहती है। बल्कि भूमाफिया के चंगुल से छुड़ाकर आम जनता को वक्फ का लाभ देना चाहती है। उन्होंने कहा कि वक्फ का अर्थ होता है समाजहित में दान की गई जमीन-जैसे कि स्कूल, मदरसे, कब्रिस्तान आदि के लिए दान की गईं संपत्ति को वक्फ कहा जाता है। देश में विभिन्न स्थानों पर वक्फ की संपत्तियों का दुरुपयोग हुआ है। हैदराबाद में ओवैसी परिवार की ओर से वक्फ की जमीन पर फाइव स्टार हाटल बना दिया गया। 2013 के वक़्फ़ अधिनियम के तहत वक्फ बोर्ड को संपत्तियों को बिना पर्याप्त जांच के वक्फ घोषित करने का अधिकार था, जिससे कई विवादस्पद मामले सामने आए।

सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने कहा कि यह अभियान जनता के बीच पारदर्शिता, न्याय और सबके लिए समान आधकार के सकल्प को मजबुत करन का एक महत्वपूण प्रयास है। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में पारित यह विधेयक वक्फ बोर्ड में मुस्लिम समुदाय के लिए न्याय और पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा। कार्यशाला का संचालन कार्यक्रम संयोजक व जिला महामंत्री डॉ निर्भय गुर्जर ने किया।

इस अवसर पर सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा, क्षेत्रीय महामंत्री राकेश मिश्रा, विधायक डॉ एमपी आर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, नि. वर्तमान अध्यक्ष पवन शर्मा, मेघनाथ सिंह कठेरिया, वीरपाल गंगवार, नीरेंद्र सिंह राठौर, डॉ नरेंद्र गंगवार, राहुल साहू, मीडिया प्रभारी अंकित माहेश्वरी, परवेज मिया, तारिक नियाजी, सुरजीत यादव, मुकेश राजपूत, देवेंद्र सक्सेना, राधेश्याम साहू आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आतंकवाद से लड़ने को मैदान में उतरने को बेताब मयंक शुक्ला

## - सपा प्रदेश प्रवक्ता की चाह, आतंकवाद के खिलाफ लड़ना चाहते हैं युद्ध

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले से पूरा देश गुस्से में है मयंक शुक्ला इसे करता मानते हैं उन्होंने आतंकवाद और पाकिस्तान की साजिश के खिलाफ लड़ने के लिए तैयारी भी कर लिए उन्होंने एक पत्र राष्ट्रपति को प्रेषित कर अनुमति भी मांगी है ।



**मयंक शुक्ला यम मोंटी शुक्ला ने लिखा पत्र**

मयंक शुक्ला पुत्र अनिल कुमार शुक्ला निवासी सी-8, सनसिटी पीलभीत रोड, बरेली का निवासी हूँ। मैं आपको पत्र लिखकर पाकिस्तान द्वारा भारत में आतंकवाद को बढ़ावा देने की लगातार चल रही साजिशों का मुंहतोड़ जवाब देने में यदि मेरी कहीं कोई भूमिका हो सकती हो तो कृप्या मुझे जरूर सम्मिलित करें। मैं सेना के साथ मिलकर आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में शामिल होना चाहता हूँ। पाकिस्तान की आतंकवादी गतिविधियों और उकसावे के बावजूद, हमें अपनी सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा करनी होगी जिसमें हम जैसा आम नागरिक भी अपनी भूमिका निभाना चाहता है । आतंकवाद के खिलाफ कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक सभी जाति धर्म के लोगों में पाकिस्तान द्वारा जारी आतंकवाद के विरूद्ध रोष व्याप्त है अतः पूरा भारत एकजुट होकर आतंकवाद के खात्में की प्रार्थना कर रहा है। मेरा अनुरोध है कि सरकार पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करे और हमारी सेना को आवश्यक समर्थन प्रदान करे। हम अपनी मातृभूमि की रक्षा करने और आतंकवाद के खिलाफ लड़ने को तैयार हैं और समस्त देशवासी एकजुट हैं।

# मुंह बोले मामा ने किया नाबालिग भांजी का रेप , मामा गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। बिशारतगंज थाना क्षेत्र में शादी समारोह के दौरान आठ साल की मासूम को अपनी हवस का शिकार बनाने वाले शख्स को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी रसगुल्ला खिलाने के बहाने बच्ची को पंडाल के पीछे ले गया था। जहां उसके साथ रेप किया था।



मुकदमा दर्ज कर पुलिस की चार टीमें आरोपी की तलाश कर रहीं थीं। पूरे मामले में पुलिस ने 150 से ज्यादा लोगों से पूछताछ की गई। जांच में पता चला कि बच्ची के गांव में ही रहने वाले 47 वर्षीय शख्स नंद किशोर मौर्य ने बच्ची से रेप किया था। शादी की वीडियो फुटेज के जरिए आरोपी की शिनाख्त बच्ची ने की। दरअसल बच्ची अपने रिश्तेदार के यहां बीती 24 अप्रैल को परिजनों के साथ शादी समारोह में आई थी। चाउमीन के स्टॉल पर चाउमीन खत्म हो गई तो आरोपी नंदकिशोर उसे रसगुल्ला खिलाने के बहाने टैंट के पीछे ले गया और रेप किया।

एसपी साउथ अंशिका वर्मा के मुताबिक आरोपी नंदकिशोर ने पूछताछ में बताया कि उसकी पत्नी की मौत करीब 12 साल पहले हो चुकी है। घटना वाले दिन बच्ची को देखा तो उसका मन बहक गया। उसने सोचा की छोटी बच्ची है और किसी को कुछ नहीं बताएगी। जिसके चलते वह ये गलती कर बैठा। एसपी साउथ ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जा रहा है।

# गंगापुर की फिजा बिगाड़ने की साज़िश

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

नवाबगंज । ग्राम पंचायत गंगापुर में बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा लगाने को लेकर चंद लोगों ने गंदी राजनीति करने के लिए विवाद पैदा करने का प्रयास किया। 6 महीने पहले चबूतरा बना था। तब कोई विवाद नहीं था ।जब लोगों ने उस पर प्रतिमा लगाने का प्रयास किया। तो लोग ने तुरंत प्रशासन के पास पहुंचकर जनप्रतिनिधियों द्वारा दबाव बनाकर उसे रोकने का खूब प्रयास किया ।प्रतिमा की जगह आस्थावान लोगों ने एक चित्र बाबा साहेब का लगाकर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए । विवाद बढ़ने पर ग्रामीणों ने पैनी नजर सामाजिक संस्था की अध्यक्ष एवं व रोहिलखंड प्रांत आम आदमी पार्टी के उपाध्यक्ष एडवोकेट सुनीता गंगवार से संपर्क किया।



सुनीता गंगवार ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। ग्रामीणों को लेकर एक प्रार्थना- पत्र नवाबगंज प्रशासन को सौंपा। श्रीमती गंगवार ने कहा घोर आश्चर्य का विषय है। जिन बाबा साहब ने अपना संपूर्ण जीवन देश के लिए न्योछावर कर दिया। एक दलित समाज में पैदा होकर समाज की यातनाएं सहीं आज ऐसे महापुरुष के लिए भी गांव में स्थान नहीं मिल रहा ।जिनके संविधान से पूरा देश चल रहा है जिनके संविधान की ढाल जनता का सुरक्षा कवच है। आज उन्हें बाबा साहब को जगह देने के लिए आस्थावान लोगों को संघर्ष करना पड़ रहा है। हर सरकारी संस्थान में बाबा साहब का चित्र मौजूद है। क्योंकि उनका जीवन पूरे देश के लिए एक प्रेरणा स्रोत है। बीजेपी सरकार में इस तरह से लोगों की मानसिकता में जहर खोला गया है । जिसके चलते लोग विरोध कर रहे हैं ।समाज को शोषण से बचाने के लिए बाबासाहेब ने लोकतांत्रिक संविधान लिखा ।आज संविधान के रचयिता को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए एक प्रतिमा रखने पर लोग आपत्ति उठाते हैं ।उस देश का भला कैसे हो सकता है ।यह चिंता का विषय है ।आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा देने के लिए अगर उनकी प्रतिमाएं भारत में नहीं लगेगी तो क्या विदेश में लगाई जाएंगी। यह सवाल उठता है ।जबकि बच्चों के पाठ्यक्रम में बाबा साहेब के जीवन का अध्याय होना चाहिए ।जिससे देश के बच्चे उनके जीवन से सीख ले सकें । हर गांव में ग्राम समाज में बाबा साहेब अंबेडकर को सम्मान से स्थान मिलना चाहिए ।

# विद्युत कर्मियों द्वारा निजीकरण के विरुद्ध आज जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सोपा

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। उत्तर प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आवाहन पर आज बरेली के विद्युत कर्मियों ने राजेंद्र प्रसाद घिल्डियाल प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश विद्युत मजदूर संघ के नेतृत्व में अपने शहर के सभी सम्मानित जनप्रतिनिधियों को पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल के निजीकरण के विरोध में ज्ञापन प्रस्तुत कर सभी से सादर अपील करी कि, वह हमारे ज्ञापन को माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार तक प्रेषित करते हुए निजीकरण पर अपना विरोध प्रकट करें ' इस संबंध में श्री घिल्डियाल ने कहा कि पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल में 42 जिलों का उत्तर



प्रदेश विद्युत कॉरपोरेशन निजीकरण करने पर आमादा है, जिसको लेकर उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मचारी आज 153 दिन से लगातार संघर्षरत हैं ' ऊर्जा मंत्री व प्रबंधन संघर्ष समिति से वार्ता तक करने को तैयार नहीं है ' जिसके कारण तमाम उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है ' उन्होंने यह भी जानकारी दी कि, विगत 9 अप्रैल को लखनऊ में विशाल ऐतिहासिक रैली के बाद ज्ञापन देने का यह द्वितीय चरण का आंदोलन है ' इश्के पश्चात आगामी 1 मई को मजदूर दिवस पर बिजली के कर्मचारी पूरे प्रदेश स्तर पर विशाल मोटरसाइकिल रैली निकालकर सभी उपभोक्ताओं से अपील करेंगे कि वह भी निजीकरण का विरोध करें, क्योंकि निजीकरण से आम उपभोक्ताओं की विद्युत दरें निश्चित तौर पर बढ़ेंगी और साथ ही कर्मचारियों का निजीकरण के पश्चात छटनी होना पूरी तरह से तय है ' आज सर्वप्रथम श्री संजीव अग्रवाल ( विधायक )कैंट श्रीमान छत्रपाल गंगवार (सांसद) बरेली श्रीमान डॉक्टर अरुण कुमार ( वन एवं पर्यावरण मंत्री )उत्तर प्रदेश सरकार को विद्युत कर्मियों द्वारा ज्ञापन सोपा गया ' ज्ञापन प्रेषित करने वालों में प्रमुख रूप से सर्वश्री इंजी.विपुल शुक्ला इंजी. आनंद बाबू इंजी. आकाश अग्रवाल श्रीमती आकांक्षा सक्सेना सर्व श्री रिंकू,राहुल शर्मा, रविंद्र कुमार,मनोज सिंह, वी.के.ग्वाल आदि उपस्थित थे '

# सुशील पाठक बोले नेहा राठौर के खिलाफ आतंकवाद के तहत दर्ज हो मुकदमा, अखिलेश पर भी साधा निशाना

## - नेहा सिंह राठौर पर धर्मगुरु पंडित सुशील पाठक का निशाना

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। लोक गायिका नेहा सिंह राठौर द्वारा जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के खिलाफ की गई आपत्तिजनक पोस्ट से हिंदू समुदाय में जबरदस्त आक्रोश है। हिंदू धर्मगुरु पंडित सुशील पाठक ने बयान जारी करते हुए कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ आतंकवाद की धाराओं में मुकदमा दर्ज होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नेहा सिंह राठौर ने उन हिंदुओं का अपमान किया है जिन्हें जम्मू-कश्मीर में आतंकियों ने धर्म पूछ-पूछकर मार डाला। ऐसे में उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करने



के बजाय विवादित पोस्ट करना सनातन धर्म का अपमान है, साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी। सुशील पाठक ने कहा कि ऐसे आस्तीन के सांपों की वजह से ही सनातन धर्म बदनाम हो रहा है।

**अखिलेश यादव को वोट बैंक खिसकने का डर**

पंडित सुशील पाठक ने कहा कि इस समय पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा है। लगभग सभी विपक्षी दल भी सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। ऐसे में सपा प्रमुख अखिलेश यादव अपने वोट बैंक के चलते शुभम द्विवेदी के घर नहीं गए, जबकि लखनऊ से कानपुर की दूरी बहुत कम है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव को अपने वोट बैंक के खिसकने का डर सता रहा है, इसलिए उन्होंने कह दिया कि वे शुभम द्विवेदी को नहीं जानते। जबकि मुख्तार अंसारी के जनाजे में शामिल होने के लिए वे जरूर जाते हैं।

**नेहा राठौर के खिलाफ लखनऊ में दर्ज हुई एफआईआर**

लोक गायिका नेहा राठौर के खिलाफ रविवार को कवि अभय प्रताप सिंह उर्फ अभय सिंह निर्भीक ने हजरतगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। दरअसल, नेहा सिंह राठौर के बयानों का फायदा पाकिस्तान उठा रहा है। उनके भारत विरोधी बयान पाकिस्तान में खूब वायरल हो रहे हैं और वहां उनकी खूब तारीफ हो रही है।

# कचहरी पर धूं-धूं कर जला ट्रांसफार्मर, अधिवक्ताओं में मची अफरा-तफरी

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। जनपद न्यायालय के पास सोमवार दोपहर ट्रांसफार्मर धूं-धूं कर जल उठा। जिसके बाद आसपास अफरा-तफरी का माहौल हो गया। आनन-फानन में फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और आग पर काबू पाया। इधर भटनागर कॉलोनी में बिजली आपूर्ति कई घंटे के लिए बाधित हो गई। पूरी घटना सोमवार दोपहर करीब 1:30 की बताई जा रही है। जनपद न्यायालय के पास भटनागर कॉलोनी के सामने लगा ट्रांसफार्मर अचानक जल उठा। ट्रांसफार्मर से आग की लपटे देख अधिवक्ता भी घबरा गए। चहल-पहल वाला इलाका होने की वजह से कचहरी पर खलबली मच गई। अधिवक्ताओं ने पूरे मामले की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया।



**भटनागर कॉलोनी की आपूर्ति बाधित**

इधर ट्रांसफार्मर में आग के बाद भटनागर कॉलोनी की आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गए। बिजली विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची थी। बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस ट्रांसफार्मर से केवल भटनागर कॉलोनी को ही आपूर्ति दी जाती है। विभाग की टीम जल्द ही आपूर्ति सुचारू करने का प्रयास कर रही थी।

# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 35 रोगियों का परीक्षण कर दवाएं वितरित कीं

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

रिठौरा।एम एल महेश्वरी फाउंडेशन तथा बरेली कैंसर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर थाना इज्जतनगर के गांव खजुरिया जुल्फिकार स्थिति सरकारी स्कूल प्रांगण में आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ ग्राम प्रधान कन्यावती प्रधानपति नेत्रपाल,शिक्षक बलवंत सिंह, मोहम्मद शाकिर, हरेंद्र ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में



कुल 35 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवाएं भी वितरित की गयीं। मंगलवार को शिविर डेलनपुर शेरगढ़ में लगेगा।

# उत्तर रेलवे भारत स्काउट एन्ड गाइड्स ने सैलानियों को दी श्रद्धांजलि

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में अपनी जान गवाने वाले सैलानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आज उत्तर रेलवे भारत स्काउट एन्ड गाइड्स जिला मुरादाबाद के स्काउट गाइड रोवर रेंजर क्लब बुलबुल ने रेलवे मनोरंजन सदन स्थित अपने कार्यालय से बरेली जंक्शन स्थित विजय स्तम्भ तक कैंडिल मार्च निकाल कर दिवंगत आत्माओ की शान्ति के लिए प्रार्थना की। ये कार्यक्रम राज्य प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट हरजिंदर सिंह चहल एवं राज्य संगठन आयुक्त स्काउट संजय मेहता के निर्देश पर हुआ। इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला संगठन आयुक्त मुशर्रफ खान ने कहा कि ऐसी आतंकी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया



जाएगा,सरकार को इसके जवाब में आतंकियों पर कठोर कार्यवाही करना चाहिए पूरा देश सरकार के साथ खड़ा है। इस मौके पर मुख्य रूप से बरेली ग्रुप के मनोज कुमार, विशाल कश्यप, सन्दीप कुशवाहा, प्रमोद कुमार, मोहम्मद जेद,राहुल कश्यप, अरुण कुमार, मोहम्मद अजहर,किशन,गाइड लीडर श्रीमती आकांक्षा गौतम, निधि गौतम, आशा खान, महक, ऋषि शर्मा, ईशू नन्दिनी, भूमि, रसिका, निशा जैन, गार्गी जैन, दिव्या इकरा आदि उपस्थित रहे।

# दे दे थोड़ा प्यार कन्हैया तेरा क्या घट जाएगा सांवरे सलोने मेरा काम बन जाएगा

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। श्री बांके बिहारी मंदिर राजेंद्र नगर में राधा रानी 56 भोग परिवार द्वारा भजन संध्या रतन मंडल श्री दरगाह मंदिर वालों के द्वारा भजनों का कार्यक्रम हुआ जिसमें भजन "सांवरे को दिल में बिठा कर तो देखो , दूसरा भजन किशोरी कुछ ऐसा इंतजाम हो जाए, सारे मंदिर के परागण में सभी भक्त झूमने लगे । , राधा रानी 56 भोग परिवार द्वारा 56 भोग लगाया गया , भजनों की प्रस्तुत,से पूरा वातावरण भक्ति में हो गया ,श्री बांके बिहारी मंदिर कार्यक्रम में सहयोग , भजन गायक जगदीश भाटिया ,दिनेश तनेजा, दीपक भाटिया ,अशोक गोयल, होशियार सिंह, राजीव भसीन, संजीव गुलाटी, आर.सी.खन्ना का रहा है महिला मंडल में विशेष सहयोग चंद्रा तनेजा, शीला, गीता, सीमा गुलाटी ,मंजू, ममता, मालती जी का रहा, अंत में भक्तों का आभार प्रकट किया वा बताया कि हर महीने 56 भोग मंदिर में लगाया जाएगा , अंत में छप्पन भोग प्रसाद वितरण किया गया।



# एसएसपी ने बदले सर्किल अफसर,आशुतोष शिवम सीओ सिटी फर्स्ट बने, पंकज श्रीवास्तव को मिली सर्किल तीन की जिम्मेदारी

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। एसएसपी अनुराग आर्य ने जिले में कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए सोमवार को सर्किल अफसरों का कार्य क्षेत्र बदल दिया। सीओ सिटी प्रथम रहे पंकज श्रीवास्तव को सर्किल तीन की जिम्मेदारी दी गई है। मिश्रित आबादी वाला क्षेत्र होने की वजह से सर्किल तीन काफी संवेदनशील माना जाता है। उनकी जगह फरीदपुर रहे आशुतोष शिवम को सीओ सिटी प्रथम बनाया गया है। वहीं, सीओ सिटी अजय कुमार को सर्किल सेकेंड की जिम्मेदारी दी गई है।

इनके अलावा संदीप सिंह को सीओ थर्ड से स्थानांतरित करके फरीदपुर सर्किल का कार्यभार सौंपा गया है। गौरव सिंह को जनपद मुख्यालय से



हटाकर सीओ नवाबगंज बनाया गया है। हर्ष मोदी को सीओ नवाबगंज से स्थानांतरित कर क्षेत्राधिकारी कार्यालय और अपराध का कार्यभार सौंपा गया है। नरेश सिंह को क्षेत्राधिकारी कार्यालय, यातायात और यूपी 112 कार्य सौंपा गया है। सीओ नीलेश मिश्रा को हाईवे की जिम्मेदारी दी गई है। एसएसपी ने यह फेरबदल जिले की पुलिस व्यवस्था में सुधार लाने के लिए किया गया है। साथ ही अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों और बेहतर तरीके से कार्य करने का अवसर प्रदान करेगा। सभी को तत्काल प्रभाव से अपने नए कार्य स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन के आवाहन पर पूरे भारत वर्ष में सभी रनिंग लाबियो पर एक साथ धरना प्रदर्शन किया गया। इसी क्रम में आज मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह मलिक के नेत्रत्व में बरेली सिटी लॉबी पर स्टैंडिंग मल्टी डिसिप्नरी कमेटी द्वारा जारी रिपोर्ट जिसमे रनिंग कर्मचारियों के विरोध में रेकमेंडेशन किया गया है के विरोध में एन ई रेलवे मजदूर यूनियन ने पूरे एन ई रेलवे में सभी लाबियो पर एक साथ प्रदर्शन किया और सरकार के मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया और विरोध किया। एन ई रेलवे मजदूर यूनियन के केन्द्रीय अध्यक्ष बसन्त चतुर्वेदी ने बताया कि यदि ये रिपोर्ट लागू हुई तो रनिंग स्टाफ को जो आज सुविधा मिल रही वो काफी



हद तक खत्म हो जायेंगी उन्होंने कहा कि इसे किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने दिया जाएगा। रेलवे बोर्ड में दिनाक 16/17 अप्रैल को सम्पन्न एआईआरएफ की पीएनएम मीटिंग में एआईआरएफ के महामंत्री शिवगोपाल मिश्रा ने इस रिपोर्ट को रद्दी की टोकरी में डालने को कहा और कमेटी की रिपोर्ट का पुर जोर विरोध किया साथ ही बढ़े हुए रनिंग भत्ते / माइलेज का भुगतान जल्द किए जाने की भी मांग की। विरोध प्रदर्शन में मण्डल अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह मलिक ,ताजुद्दीन खान यशपाल सिंह, गौरव सक्सेना , मनीष कुमार, शैलेश परमार ,रंजन कुमार सिन्हा , कुंदन कुमार ,अमित कुमार ,रामबली सिंह, अंकुर महावर, संजय कुमार सिंह, मो जसीम रजा, शिव शंकर गिरी, भुवनेश कुमार ,सुदीप मिश्रा, पी के दुबे, हेमंत कुमार आदि उपस्थित रहे।

# अन्जय अग्रवाल बने डिवीजनल वार्डन अलखनाथ प्रभाग सिविल डिफेंस

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। सिविल डिफेंस मुख्यालय पर आयोजित नगर स्तर की बैठक में अलखनाथ प्रभाग के अन्जय कुमार अग्रवाल को डिवीजनल वार्डन (प्रभागीय



वार्डन) कमलजीत सिंह डिप्टी डिवीजनल वार्डन रिजर्व राजेश श्रीवास्तव व नीतू द्विवेदी आई.सी.ओ. जफर इकबाल बेग सिविल लाइंस प्रखण्ड के स्टाफ ऑफिसर फायर के पद पर पदोन्नति किये गये सभी को उपनियंत्रक राकेश मिश्रा ने नियुक्ति पत्र देकर बधाई दी। उनके साथ साथ डिप्टी चीफ वार्डन रंजीत बशिष्ठ, सहायक उपनियंत्रक प्रमोद डागर व पंकज कुदेशिया डिवीजनल वार्डन आरक्षित शिवलेश पाण्डेय डिप्टी डिवीजनल वार्डन कलीम हैदर सैफी स्टाफ ऑफिसर संजय पाठक व आलोक शंखधार नरेंद्र मित्तल, हरीश भल्ला राजीव छाबड़ा कमलेश वर्मा आदि ने सभी को नये पद पर आसीन होने पर बधाई दीं।

# यूपी की चार हस्तियों को मिला पद्म श्री सम्मान, सीएम योगी ने दी बधाई

लखनऊ, 28 अप्रैल। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा उत्तर प्रदेश के चार विशिष्ट व्यक्तियों को पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर बधाई दी। ये चार हस्तियां डॉ. श्याम बिहारी अग्रवाल, हृदय नारायण दीक्षित, गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ और डॉ. सत्यपाल सिंह हैं। सीएम योगी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट करते हुए प्रदेश के चारों विभूतियों को बधाई देते हुए कहा कि देश और प्रदेश के लिए इनका योगदान महत्वपूर्ण हैं। कला, साहित्य खेल जैसे अलग-अलग क्षेत्रों में दिया गया इनका विशिष्ट योगदान भावी पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर के रूप में है। देश के 10 पद्म श्री पुरस्कार में चार उत्तर प्रदेश के विभूतियों को मिलना प्रदेश के लिए गर्व की बात है।

मुख्यमंत्री ने प्रख्यात चित्रकार, लेखक और समर्पित शिक्षक डॉ. श्याम बिहारी अग्रवाल को ह्यपद्म श्रीह्व मिलने पर बधाई देते हुए कहा कि उनकी साधना, शिक्षण और सृजनशीलता ने भारतीय कला-जगत में अमिट छाप छोड़ी है। सीएम योगी ने कहा कि आपका यह सम्मान संपूर्ण कला जगत के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। कला क्षेत्र आपके योगदानों से निरंतर प्रेरणा प्राप्त करता रहेगा।

# भगत सिंह काम्प्लेक्स स्थित हनुमान मंदिर से निकलेगी भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा

**समाज जागरण**

शहडोल भगवान परशुराम जन्मोत्सव शोभा यात्रा समिति शहडोल द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया है कि, भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर, हर साल की तरह इस साल भी 30 अप्रैल बुधवार को ब्राम्हण समाज द्वारा हर्षोल्लास के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी।यह शोभायात्रा शाम 4:30 बजे, भगतसिंह काम्प्लेक्स से नगर के मुख्य मार्ग राजेन्द्र टाकीज-गाँधी चौक- जैन मंदिर से होते हुए मोहनराम तालाब राम मंदिर पहुंचेगी जहाँ भगवान राम एवं भगवान परशुराम जी की पूजा व आरती के पश्चात यात्रा का समापन होगा। भगवान परशुराम जन्मोत्सव शोभा यात्रा समिति ने समस्त नगर वासियों एवं जिले वासियों से सभी ब्राम्हण परिवार, सपरिवार,ईष्ट मित्रों सहित शोभा यात्रा मे शामिल होने की अपील की है।

# प्रभारी मंत्री ने देवहरा में 33/11 केव्ही नवीन उपकेंद्र का किया लोकार्पण

**समाज जागरण**

अनूपपुर 28 अप्रैल 2025- मध्य प्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप अहिरवार ने रविवार को जिले की नगर परिषद बरगवां (अमलाई) में मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अनूपपुर ऊर्जा विभाग द्वारा 33/11 केव्ही नवीन उपकेंद्र का लोकार्पण किया। जिसकी लागत 2.4 करोड रुपए है। इस



अवसर पर मध्य प्रदेश कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) श्री रामलाल रौतेल, विधायक अनूपपुर श्री बिसाहूलाल सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा, एसडीएम अनूपपुर श्री अजीत तिर्की, नगर परिषद बरगवां (अमलाई) की अध्यक्ष श्रीमती गीता गुप्ता, उपाध्यक्ष श्री राज तिवारी, पूर्व जनपद अध्यक्ष पुष्पराजगढ़ श्री हीरा सिंह श्याम, आत्मा गर्वनिंग बोर्ड की सदस्य श्रीमती रश्मि खरे, सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# सीएमओ की कार्यप्रणाली से खुशहाल हैं नागरिक-नगर में बह रही विकास की गंगा।

**समाज जागरण**

(मानपुर-उमरिया)जिले के नगर परिषद मानपुर की कमान जब से शासन द्वारा श्री राजेंद्र कुशवाहा के कुशल हाथों में सौंपी गई है तभी से मानपुर नगर की फिजा को चार-चांद लगने लगे हैं,मानपुर नगर की सरजमीं पर कदम रखते ही सीएमओ श्री कुशवाहा ने यहां के कायाकल्प हेतु कृत-संकल्पित होकर एक अभियान छेड़ दिया और नागरिकों को बिजली पानी तथा स्वच्छता जैसी आवश्यक सुविधाओं की सौगातों की झड़ी लग गई इतना ही नहीं आज नगर परिषद के दफ्तर में अपने किसी कार्य को लेकर पहुंचे आम नागरिक का उचित सम्मान और समय पर काम हो जाना उनकी कार्यकुशलता को उजागर करता है।बता दें की करोड़ों की लागत से देश की जानी-मानी जिंदल कंपनी द्वारा निर्मित फिल्टर्ड वाटर परियोजना के तहत मानपुर नगर सहित आसपास के कई ग्रामों में घर-घर तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति की जा रही है इसी वृहद पेयजल परियोजना के तहत मानपुर नगर में



भी वाटर सप्लाई का कार्य होना था जिसे ग्राम पंचायत के कार्यकाल से हैंड ओवर करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी जो किन्हीं कारणोंवश अधर में लटकी हुई थी श्री कुशवाहा ने मानपुर के आम लोगों तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति का बीड़ा उठाकर शासन-प्रशासन स्तर से लेकर स्थानीय परिषद के ज़िम्मेदारों तक को विश्वास में लेकर कारगर कदम उठाए जिससे आज नगर के सभी वार्डों तक शुद्ध पेयजल घर-घर पहुंच रहा है इतना ही नहीं अभी हाल ही में शासन स्तर पर नगर में कराए जाने वाले सैकड़ों की संख्या में बोरवेल/हैंड पंप का खनन आवश्यक स्थानों पर कराया जाकर लोगों को जल संकट से उबारने की खास मुहिम चलाई जा रही है ही इस संदर्भ में जब सीएमओ श्री कुशवाहा से जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि प्रत्येक वार्ड में जहां पर पानी की किल्लत है और आसपास 500 से 1000 मीटर तक कोई भी जल स्त्रोत मौजूद नहीं है वहां पर चिन्हित कर नगर परिषद द्वारा शासन द्वारा प्रदत्त बोरवेल कराकर हैंडपंप स्थापित कराएं जा रहे हैं जिसके तहत प्रत्येक वार्ड में चार से पांच हैंडपंप की स्थापना के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं जिसके स्थल चयन हेतु रहवासिंयो एवं वार्ड पार्षदों से राय शुमारी कर माकूल जगह मुकर्रर कर वहां पर बोरवेल खनन का काम कराया जा रहा है ताकि भविष्य में परिषद के किसी भी वार्ड में निवासरत नागरिकों को जल संकट का सामना ना करना पड़े उन्होंने यह भी बताया कि इस योजना के तहत यदि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य संख्या से ज्यादा नलकूपों के उत्खनन की आवश्यकता पड़ती है तो उन्हें भी निर्धारित प्रक्रिया और स्वीकृति उपरांत कराया जाकर लोगों को हर हाल में सुविधा प्रदान की जाएगी।बात अगर नगर स्वच्छता की करें तो सुबह सवेरे श्री कुशवाहा अपनी स्कूटी उठाकर नगर भ्रमण कर यहां की साफ-सफाई व्यवस्था का स्वयं जायजा लेकर सफाई कार्य करवाते हुए देखे जा सकते हैं फिर बात चाहे नगर में चहुंओर बढ़ रहे सड़कों के जाल या पुल-पुलियों की हो अथवा नगर की गलियों को रोशन करने की सारी व्यवस्थाएं अपनी तारीफ खुद बयां कर रही हैं नगर परिषद के गठन से पूर्व स्थानीय लोकप्रिय विधायक एवं पूर्व मंत्री सुश्री मीना सिंह की पहल पर मानपुर को एक विशालकाय ग्रामीण स्टेडियम की सौगात मिल सकी थी जहां पर दिनभर तो खेलकूद सहित अन्य सांस्कृतिक गतिविधियां बखूबी संचालित हो रही थी लेकिन दिन ढल जाने के बाद यहां अंधेरा ही छाया रहता था जिस पर गौर कर सीएमओ श्री कुशवाहा ने व्यक्तिगत दिलचस्पी लेकर पूरे स्टेडियम ग्राउंड में प्रकाश की व्यवस्था करवाई जिससे आज रात में भी मानपुर स्टेडियम दूधिया प्रकाश की रोशनी से रोशन होकर जगमगाता नजर आता है जिससे यहां पर रात्रि कालीन भी खेलकूद तथा अन्य संबंधित गतिविधियां आसानी से संचालित की जा सकती हैं वही सूर्योदय से पूर्व यहां पर घूमने योग और व्यायाम करने आने वाले स्थानीय युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों को भी नगर परिषद मानपुर के इस काम से भरपूर आराम मिला है।सीएमओ द्वारा नगर परिषद से संबंधित किसी भी समस्या के खबर के रूप में प्रकाशित होने पर तात्कालिक संज्ञान लेकर उसका त्वरित निराकरण करना उनकी खूबियों में से एक है ना की अन्य अफसरों की तरह बौखला जाना।सीएमओ श्री कुशवाहा द्वारा किसी भी समय पर फोन कॉल रिसीव कर जन समस्या निदान का उनका सद्गुण निश्चित रूप से काबिले तारीफ है जिससे नगर वासी उन्हें साधुवाद देने से नहीं चूकते कुल मिलाकर यह कहना कोई अति संयोक्ति नहीं होगी कि जब से राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा ने यहां मुख्य नगर परिषद अधिकारी का पदभार ग्रहण किया है तभी से मानपुर नगर की फिजा खुशनुमा होकर इसकी रंगत में चार-चांद लग रहे हैं नगर के बुद्धिजीवीयों ने ऐसे कर्तव्यनिष्ठ लोक सेवक को अंतरात्मा से साधुवाद ज्ञापित करते हैं।

# बरतराई भूमिगत खदान में विश्व कार्यस्थल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस संपन्न हुआ

**समाज जागरण गौरव द्विवेदी**

रामनगर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड के जमुना - कोतमा क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी, एवं अजय कुमार महाप्रबंधक ( संचालन ) एवं विनम्र जैन क्षेत्रीय खान सुरक्षा अधिकारी के निर्देश पर, तथा धर्मेंद्र कुमार रघुवंशी उप क्षेत्रीय प्रबंधक आमाडांड उपक्षेत्र,एवं सनातन त्रिपाठी खान प्रबंधक बरतराई भूमिगत खदान के मार्गदर्शन पर, एम.एम. शर्मा खान सुरक्षा अधिकारी बरतराई , शैलेंद्र दुबे वरिष्ठ ओवरमैन बरतराई भूमिगत खदान के नेतृत्व में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बरतराई भूमिगत खदान में सोमवार को विश्व कार्यस्थल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस का आयोजन सुबह प्रथम पाली में संपन्न हुआ। जिसका मुख्य उदेश्य उद्योग मे कार्य से संबंधित खतरों एवं बीमारियों को कम करना एवं बचाव करना है,खदान प्रांगण परिसर में सुरक्षा-स्लोगन, सुरक्षा-पोस्टर, सुरक्षित-रखरखाव, सुरक्षा-प्रदर्शन एवं सुरक्षा-सुझाव के पोस्टर लगाए गए। प्रातः 8 बजे सुरक्षा ध्वजारोहण के पश्चात सुरक्षा शपथ, स्वयं सुरक्षा उपकरणों, बचाव उपकरणों एवं अग्निशमन संबंधी प्रदर्शन एवं किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतियोगियों को खान प्रबंधन एवं खान सुरक्षा अधिकारी, पैनल इंचार्ज, पाली प्रभारी, की उपस्थिति में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, पुरस्कार का वितरण किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार - रामनरेश केवट (रिले बी), द्वितीय पुरस्कार - पंकज कुमार शर्मा रिले (ए), तृतीय पुरस्कार - मनोज कुमार राय (जनरल पाली) के कामगारों को प्रदान किया गया।

इसी क्रम में आज विश्व कार्यस्थल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सनातन त्रिपाठी (खान प्रबंधक) बरतराई ने अपने उद्बोधन में कहा कि, सभी लोगों को खान सुरक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य सुरक्षा भी अति आवश्यक है। स्वास्थ्य सही रहेगा तो काम बढ़िया से होगा। प्रत्येक कामगार अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहे। कार्य स्थल पर मोबाइल का प्रयोग ना करें, कार्य पर आते समय सारी चिंता, घर पर ही छोड़ कर आए। स्वतंत्र रूप बिना किसी टेंशन के कार्य स्थल पर काम करें। कार्य पर नशे की हालत पर न आवे। मंच का सफल संचालन वरिष्ठ ओवरमैन शैलेंद्र दुबे ने किया। कार्यक्रम के समापन के दौरान मुख्य रूप से उपस्थित जनों में सनातन त्रिपाठी खान प्रबंधक बरतराई, एम.एम शर्मा खान सुरक्षा अधिकारी बरतराई, पैनल इंचार्ज नरेश कुमार रोहिदास, प्रकाश उरकुंडे, प्रवेश कुमार पाली प्रभारी (रिले सी), शैलेंद्र दुबे वरिष्ठ ओवरमैन खान सुरक्षा, उमेश बाबू वरिष्ठ माइनिंग सरदार जनरल पाली, माइनिंग सरदार मुकेश प्रजापति, प्रहलाद, भरत, सुशील बंजारे सीनियर फोरमैन इलेक्ट्रिकल, अनिल अग्रवाल लैंप रूम इंचार्ज, एवं सभी माइनिंग स्टाफ एवं कामगार उपस्थित रहे।

# इंस्पेक्टर प्रदीप की गहन जांच पर निर्भर राजेश यादव आत्महत्या मामले में कार्यवाही, हिरासत में आरोपी

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**





कानपुर। यहां गोविंद नगर के बहुचर्चित राजेश यादव आत्महत्या मामले में सुसाइड नोट और गहन छानबीन से निकले नतीजे के आधार पर आरोपी विनोद यादव को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ शुरू की है, जिसके आधार पर ही अगली कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस मामले में मृतक के भाई द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की जानकारी देते हुए मामले में आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रहे गोविंद नगर के इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने घटना का विवरण देते हुए बताया कि 36 साल के राजेश यादव ने नहर पटरी विवेकानंद नगर दादानगर थाना गोविन्द नगर पर अपने घर के एक कमरे में पंखे से लटक कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक मृतक राजेश की मृत्यु लटकने के कारण हुई है। मामले की गहन छानबीन के बाद आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाने की जानकारी देते हुए गोविंद नगर के इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि निरीक्षण के दौरान मृतक राजेश यादव के पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ था, जिसमें किसी विनोद यादव नाम के व्यक्ति का ज़िक्र था जिससे पैसे के लेन देन का विवाद होने के कारण परेशान करना अंकित किया गया था, जिसके फलस्वरूप मृतक द्वारा कर्ज से परेशान होकर आत्महत्या की गई है। अपने गोविंद नगर की अब तक के कार्यकाल में छोटी बड़ी सभी घटनाओं की सटीक खुलासे के साथ ही संबंधित अपराधियों को भी जेल भेज चुके इंस्पेक्टर प्रदीप सिंह ने बताया कि मृतक के बड़े भाई अवधेश के अनुसार मृतक राजेश यादव छोटा मोटा कंस्ट्रक्शन का कार्य करता था। मृतक के भाई अवधेश की तहरीर पर आरोपी आरोपी विनोद यादव पुत्र सूर्यवीर यादव निवासी टीकर माफी अमेठी हॉल बगाही भट्ठा बाकरगंज बाबूपुरवा को अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछतांछ किए जाने की जानकारी देते हुए गोविंद नगर के इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी कला का पुरवा गॉब में प्लॉट ले रखा है। उसी प्लॉट में कंस्ट्रक्शन का काम मृतक राजेश यादव द्वारा आरोपी से ठेके पर लेकर निर्माण किया जा रहा है। उसी के संबंध में लेंन देन हुआ था। गोविंद नगर के प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को विरासत में लेकरकी जा रही गहन पूछताछ जांच पड़ताल से निकले नतीजे के आधार पर ही अगली कार्रवाई की जाएगी।

# जिला सेवायोजन कार्यालय में रोजगार मेले का आयोजन 30 अप्रैल को

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ परिसर में दिनांक 30 अप्रैल 2025 को पूर्वान्ह 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया गया है जिसमें निजी क्षेत्र की 05 कम्पनियों द्वारा ट्रेनी आपरेटर/ सुपरवाइजर, सिक्योरिटी गार्ड, एरिया आफीसर, आफिस असिस्टेंट/टेलीकॉलर, इन्श्योरेन्स एडवाइजर के विभिन्न पदों पर बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में अपने साथ आई0डी0, मूल शैक्षिक अभिलेख एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्मिलित हो सकते है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिये सर्वप्रथम अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल पर आनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। आनलाइन पंजीयन के लिये सबसे पहले रोजगार संगम पोर्टल को अपने ब्राउजर में खोले। इसके बाद साइन अप/लागिन मेन्यू में जाकर जॉबसीकर आप्शन का चयन करें। जॉब सीकर आप्शन पर क्लिक करने के उपरान्त साइन अप पेज दिखाई देगा। इस पेज पर समस्त वांछित सूचनायें भरनी है। रजिस्टर फॉर में दो ऑपशंस मिलेगें, पहला कैम्पस स्टूडेन्ट और दूसरा जनरल जॉब सीकर का है, अगर वर्तमान समय में किसी कैम्पस, इन्स्टीट्यूट या यूनिवर्सिटी के अंतिम वर्ष के छात्र है तो कैम्पस स्टूडेन्ट ऑप्शन सेलेक्ट करना है। यदि पास आउट है तो जनरल जॉब सीकर आप्शन सेलेक्ट करना है। यहां से अपनी समस्त सूचनायें जैसे पर्सनल डिटेल, परमानेन्ट एड्रेस, फिजिकल डीटेल्स, करियर प्रोफाइल, एजुकेशनल क्वालीफिकेशन, एक्सपीरियंस, लैंग्वेज और स्किल आदि भरेगें। एक्सपीरियंस भरने के लिये न्यू एक्सपीरियंस बटन पर क्लिक करना होगा। समस्त डॉक्यूमेन्ट अपलोड करने है। प्रिन्ट रजिस्ट्रेशन कार्ड बटन पर क्लिक करके आप अपना जॉब कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल पर रिज्यूम बनाने की सुविधा भी दी गई है। अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in पर आनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य है।

# एग्रीजंक्शन/वन स्टॉपशॉप की स्थापना कर प्रदेश के कृषि स्नातक हो रहे हैं आत्मनिर्भर

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। किसानों के हितलाभ के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कृषि में प्रशिक्षित युवाओं की सेवाओं का उपयोग करने हेतु प्रदेश में यू०पी० एग्रीजंक्शन योजना संचालित की जा रही है। इस प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वालम्बन योजना का उद्देश्य किसानों को उनके फसल उत्पादों के लिए कृषि केन्द्र (एग्रीजंक्शन) के बैनर तले समस्त सुविधायें वन स्टाप शॉप के माध्यम से कृषि स्नातकों द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। उत्तर प्रदेश कृषि केन्द्र योजना के अन्तर्गत कृषि स्नातक युवको को लाइसेंस निर्गत करते हुए कृषि केन्द्र की स्थापना कराई जा रही है। इन केन्द्रो से एक छत के नीचे किसानों को कई सुविधाये प्रदान की जा रही हैं जिनमें मृदा परीक्षण सुविधा तथा उपयोग हेतु संस्तुतियां उच्च गुणवत्ता के बीज, उर्वरक, जैव उर्वरक, माइक्रोन्यूट्रियन्ट्स, वर्मी कम्पोस्ट तथा जैव कीटनाशको सहित समस्त कृषि निवेशों की आपूर्ति लघु कृषियंत्रों को किराये पर उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था, प्रसार सेवाये तथा प्रक्षेत्र निर्देशन भी किया जाता है। उक्त के अतिरिक्त कृषि केन्द्रों द्वारा कृषि उपकरणों की मरम्मत तथा अनुरक्षण पशु आहार, कृषि प्रसंस्कृति कृषि उत्पादों का विक्रय, मौसम/विपणन व अन्य सम्बन्धित सूचनाओं के लिए सूचना विज्ञापन का स्थापना कराया गया है। राज्य सरकार द्वारा कृषि प्रशिक्षित उद्यमियों को कई सुविधायें प्रदान की जाती है। कृषि व्यवसाय गतिविधियों के लिए लाइसेन्स प्राप्त करने में सहायता तथा लाइसेन्स फीस के व्यय की प्रतिपूर्ति भी कराया जाता है। इस उदेश्य के लिए बैंकों से ऋण प्राप्त करने में सहायता तथा 04 प्रतिशत की दर से व्याज अनुदान की व्यवस्था भी की जाती है। यह अनुदान बैंक की बैंक इन्डेड सब्सिडी के रूप में रखा जाता है तथा वर्ष की समाप्ति पर ऋणी के खाते में क्रेडिट कर दिया जाता है एक वर्ष तक के लिए परिसर के किराये के 50 प्रतिशत की धनराशि जो रूपया 1000 से अधिक न हो स्वतन्त्र कृषि केन्द्र व्यवसाय की स्थापना हेतु कृषि व्यवसाइयों को प्रशिक्षण प्रदान कराना, लघु कृषि यंत्रों को अनुदानित दर पर किराये पर उपलब्ध कराने के लिए भी एग्रीजंक्शन कार्य करते है। प्रदेश के सभी विकास खण्डों एवं तहसील मुख्यालयों पर स्थापित वन स्टाफ शाप्स पर किसान गुणवतापूर्ण कृषि निवेश एवं कृषि प्रक्षेत्र निर्देशन प्राप्त कर रहे हैं। इसी के साथ युवा कृषि स्नातक स्वयं स्वरोजगार के लिए सक्षम हो रहें है। प्रदेश में हजारो एग्रीजंक्शन की स्थापना करते हुए किसानों को ह्यह्यवन स्टाप शॉप से कृषि सम्बन्धी समस्त सुविधाये दी जा रही है साथ ही प्रदेश के बेरोजगार कृषि स्नातको को रोजगार भी मिल रहा है और वे आत्मनिर्भर हो रहे है। प्रदेश में 05 हजार से अधिक एग्रीजंक्शन की स्थापना कराई जा चुकी है। प्रदेश के कृषक उत्पादक संगठनों के गठन, प्रोत्साहन एवं सुद्दढीकरण हेतु प्रदेश सरकार ने उ0प्र0 कृषक उत्पादन संगठन (एफ0पी0ओ0) नीति 2020 बनाई है। इस नीति के अन्तर्गत प्रदेश के कृषकों विशेषकर लघु एवं सीमान्त कृषकों को संगठित करके कम लागत में गुणवत्तायुक्त कृषि निवेशों की व्यवस्था व उपयुक्त नवीनतम तकनीकी को अपनाकर उच्च उत्पादन, उत्पादों के मूल्य संवर्धन एवं बेहतर मूल्य प्राप्त करने हेतु समुचित विपणन व्यवस्था कर कृषकों की आय में सत्त वृद्धि करना है। प्रदेश में अबतक लगभग 3500 एफ0पी0ओ0 का गठन किया गया है।

# नगर पालिका परिषद में नालियों की साफ-सफाई, फागिंग, स्ट्रीट लाईट मरम्मत आदि के हो रहे है कार्य

**समाज जागरण सांध्य पहल संवाददाता**

प्रतापगढ़। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बेल्हा राकेश कुमार ने बताया है कि सदर बाजार वार्ड में संचारी रोग के द्दष्टिगत विशेष अभियान चलाकर मच्छर जनित बीमारियों के नियंत्रण एवं बचाव हेतु नाला गैंग के माध्यम से नालियों की साफ-सफाई कार्य कराते हुये सिल्ट आदि का निस्तारण कार्य कराया गया। साथ ही नालियों के आस-पास उगी वनस्पतियों की कटाई भी करायी गयी एवं साथ ही हबीसाईड का छिड़काव कर घासों, झाड़ियों को नष्ट कराया जा रहा है तथा नालियों में एण्टी लार्वा का भी छिड़काव कराया जा रहा है। पालिका द्वारा समस्त वार्डो में 02 बड़ी मशीनों और 03 छोटी फागिंग मशीनों के माध्यम से रोस्टर के अनुसार प्रति वार्ड 05 दिवस के अन्तराल पर फागिंग कराया जाता है। प्रकाश व्यवस्था के अन्तर्गत नगर के समस्त 25 वार्डो एवं मुख्य मार्गो में स्थापित स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कराते हुये प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। शासन के निर्देश के क्रम में निकाय क्षेत्रान्तर्गत बैनर/होर्डिंग हटाये जाने का कार्य लगातार किया जा रहा है तथा पालिका क्षेत्रान्तर्गत सार्वजनिक सड़क व नाले/नालियों पर रेहड़ी-पटरी व गुमटी-ठेला आदि से किये गये अवैध अतिक्रमण को हटाये जाने हेतु लगातार पालिका द्वारा अनाउन्समेन्ट कराया जा रहा है।

# *प्राइवेट विद्यालयों में मची लूट,हो रहा है व्यापार

**समाज जागरण दैनिक**
**विश्व नाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़**

यदि आप अपने बच्चों का एडमिशन कराने जा रहे हैं किसी प्राइवेट विद्यालय में तो इन बातों पर अवश्य ध्यान दें। आप जिस विद्यालय में अपने बच्चों का एडमिशन करवाने जा रहे हैं, उस विद्यालय का बैकग्राउंड जरूर चेक कर ले, विद्यालय की शुरूआत कब और किस स्तर पर हुई थीं..? आज के दिन विद्यालय की स्थिति क्या है..?क्या विद्यालय के द्वारा क्षेत्र के बच्चों को अच्छी शिक्षा अच्छा संस्कार दिया जा रहा है य नहीं..?हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में उस विद्यालय से पास हो रहे बच्चे जिले में कौन सा स्थान प्राप्त कर रहे हैं या उनके मार्कशीट का परसेंटेज क्या है..?

अगर आप इन चीजों पर विचार करके अपने बच्चों का एडमिशन करवाएंगे तो निश्चित रूप से आपके बच्चों को अच्छी शिक्षा और अच्छा संस्कार मिलेगा। कुछ लोगों की शिक्षा को लेकर ऐसी सोच रही जिसमें उन्होंने छोटे स्तर से विद्यालय की शुरूआत की और कठिन परिश्रम करके क्षेत्रीय लोगों का भरोसा जीता आज उनका छोटा सा विद्यालय बड़ा रूप ले चुका है और क्षेत्रीय लोगों का भरोसा इतना है विद्यालय पर ,की क्षेत्र के लोग आंख बंद करके ऐसे विद्यालयों में अपने बच्चों का एडमिशन करवा रहे हैं। क्योंकि उन्हें पता है कि इस विद्यालय से हमारे बच्चों को अच्छा भविष्य मिलेगा। लेकिन दूसरी तरफ आप देखेंगे तो विद्यालयों का इस तरह व्यवसायीकरण किया जा रहा है कि बड़े-बड़े धनाट्य लोग बड़ी बिल्डिंग अउ कमरा इत्यादि का प्रचार प्रसार कर शिक्षा का व्यवसायी करण करना चाहते हैं। जबकि बच्चों के शिक्षा के लिए अउ कमरा और बड़ी बिल्डिंग मायने नहीं रखती बच्चों की शिक्षा के लिए जरूरी होती है विद्यालय के प्रधानाचार्य की सोच और विद्यालय में पढ़ा रहे अध्यापकों की मेहनत। आप जहां अपने बच्चों का एडमिशन करवा रहे हैं वहां जरूर यह विचार कर लें की कहीं हम अपने बच्चों का ऐसे विद्यालय में एडमिशन तो नहीं करवा रहे हैं जहां पर बड़ी बिल्डिंग और एयर कंडीशन कमरा दिखाकर सोशल मीडिया पर सिर्फ प्रचार प्रसार हो रहा हो और जब हम अपने बच्चों का एडमिशन ऐसे विद्यालय में कर देते हैं तो उस विद्यालय की फीस और अन्य चार्ज हमारे ऊपर लाद दिए जाते हैं जो हमारे कंधे पर विशाल बोझ की तरह होता है लेकिन शिक्षा के नाम पर हमारे बच्चों के हाथ खाली ही रहते हैं। अभिभावकों को अपने बच्चों के एडमिशन से पहले विद्यालय के बैकग्राउंड पर नजर डालना अति आवश्यक है क्योंकि आपके बच्चों का समय जो बर्बाद हो जाएगा उसे आप वापस जाकर कभी नहीं ला सकते। तो इसलिए आवश्यक है कि बहुत ऊंची बिल्डिंग और अउ कमरों के चक्कर में न पड़कर ऐसे विद्यालयों में अपने बच्चों का एडमिशन कराए जिस विद्यालयों पर क्षेत्र के लोग बरसों से भरोसा कर रहे हैं। मेराआग्रह उन सभी अभिभावकों से है जो अपने बच्चों का एडमिशन नए विद्यालय में करवाने की सोच रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि जिस विद्यालय में आप एडमिशन लेने जा रहे हैं वह विद्यालय रजिस्टर्ड है या नहीं, इसे भी आपको विशेष रूप से जान लेना आवश्यक है। कल अगर वह विद्यालय आपके बच्चे के भविष्य के साथ खेलवाड़ करता है तो आप कुछ कर भी नहीं सकते।

# एक राष्ट्र एक चुनाव संगोष्ठी में एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने सम्बोधन बाद पदयात्रा में हुए शामिल।

**दैनिक समाज जागरण वाराणसी।** काशी विद्यापीठ ब्लॉक वाराणसी में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' कार्यक्रम संगोष्ठी को एमएलसी जिला अध्यक्ष वाराणसी हंसराज विश्वकर्मा ने सम्बोधित किया और पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं के साथ पदयात्रा में सम्मिलित होकर जनजागरण का कार्य किया। प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य ,पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवेश पटेल, जिला महामंत्री जयप्रकाश दुबे, पवन सिंह ,संजय सोनकर, प्रवीण सिंह,




अश्वनी पांडेय ,विनोद पटेल, दिनेश मौर्य ,रामप्रकाश सिंह वीरू ,अमन सोनकर, सिद्धार्थ कुशवाहा, गौरव पटेल, सुरेश पटेल, गोपाल पटेल, रवींद्र सोनकर ,विजय विन्द सहित पार्षद शामिल रहे।

# पहलगाम हमले में एक शोक सभा काआयोजन किया गया

**विवेक कुमार समाज समाज जागरण**

28/4/25 को राजधानी लखनऊ में। एक शोक सभा का। आयोजन किया गया भारतीय पत्रकार महासभा की तरफ से। कश्मीर पहलगाम में। जो आतंकवादी हमला हुआ है जिसमें 26 लोग शहीद हो गए हिंदुस्तान के पर्यटक। आतंकवाद और पाकिस्तान के विरोध प्रदर्शन कर जुलूस निकाला गया। जिसमें पाकिस्तान मुदार्बाद आतंकवाद मुदार्बाद का नारा लगाया गया। भारतीय पत्रकार




महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हसनैन जाफरी (डम्पी भईया) और प्रदेश के पदाधिकारी की तरफ से। पुलिस को ज्ञापन दिया गया। जिसमें प्रदेश भर के पत्रकार मौजूद थे और मांग की गई। आरोपी को जल्द से जल्द सजा दी जाए।

# 26 राफेल-मरीन विमानों के लिए फ्रांस के साथ अंतर-सरकारी समझौते पर हस्ताक्षर

भारत और फ्रांस ने भारतीय नौसेना के लिए 26 राफेल विमान (22 सिंगल-सीटर और चार ट्विन-सीटर) की खरीद के लिए एक अंतर-सरकारी समझौते (आईजीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसमें प्रशिक्षण, सिम्युलेटर, संबंधित उपकरण, हथियार और प्रदर्शन-आधारित रक्षा सामग्री शामिल हैं। इसमें भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के मौजूदा राफेल बेड़े के लिए अतिरिक्त उपकरण भी शामिल हैं।

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और फ्रांस के सशस्त्र बल मंत्री श्री सेबेस्टियन लेकॉर्नू ने अंतर-सरकारी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। नई दिल्ली में 28 अप्रैल, 2025 को नौसेना भवन में रक्षा सचिव श्री राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में भारत और फ्रांस के अधिकारियों ने समझौते, विमान पैकेज आपूर्ति प्रोटोकॉल और हथियार पैकेज आपूर्ति प्रोटोकॉल की हस्ताक्षरित प्रतियों का आदान-प्रदान किया।